


MPHIN/2021/83938

# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 4 : अंकः 43 | ग्वालियर,21 दिसम्बर गुरुवार 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## नाबेद खान साहब का वो कहते हैं कि हमारा मुरैना चंबल प्राकृतिक धरोहरों से सजा है। यहां की धरती में जितनी खनक है उतनी ही यहां पर शीतलता भी है

ग्वालियर-प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती परमात्मा प्रत्येक व्यक्ति को गुण और प्रतिभा देकर भेजता है बस जरूरत है उसे पहचानने व परखने की ऐसा कहना है पूर्व क्रिकेटर व वर्तमान रेनबो अकेडमी हेड कोच नाबेद खान साहब का वो कहते हैं कि हमारा मुरैना चंबल प्राकृतिक धरोहरों से सजा है। यहां की धरती



में जितनी खनक है उतनी ही यहां पर शीतलता भी है। आपसी भाईचारे का अतुल्य समागम है। यहां की धरती वीरों को जनम देती है। यहां से कई प्रतिभायें पल-पल पर देश व प्रदेश के पटल पर आती हैं। हमारे नाबेद खान जी का जनम भी इसी पावन धरा पर हुआ है। बचपन से ही उन्होंने क्रिकेट के प्रति सब कुछ समर्पण कर दिया है। 1990 से अपने क्रिकेट करियर की शुरूआत करने वाले नाबेद जी 15 से 16 घंटे निरंतर मैदान पर क्रिकेट का अभ्यास करना व क्रिकेट के क्षेत्र में आगे जाना ही उनका एकमात्र लक्ष्य था।

नाबेद खान कहते हैं कि मुरैना उस समय क्रिकेट में ग्वालियर से जुडा था। हमको बडे मैच खेलने के लिये ग्वालियर डिवी

## संभाग स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पुरूष वर्ग में आदित्य, अर्जुन व महिला वर्ग में अनुष्का सिंह, ममता चौधरी ने मारी बाजी

**ग्वालियर।** जीवाजी विश्वविद्यालय अंतर संभागीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन जेयू के अंतर्गत आने वाले आईपीएस कॉलेज में 16 से 19 के बीच आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में एसओएस फिजिकल एजुकेशन के छात्र-छात्राओं ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए पुरूष एवं महिला वर्ग की चैंपियनशिप अपने नाम की। डॉ.गजराज सिंह सुनील श्रीवास के प्रतिनिधित्व में पुरुष वर्ग में 13 स्वर्ण,5 रजत व महिला वर्ग में 7 स्वर्ण ,8 रजत,1 कांस्य पदक जीते।इनमें एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं की भाला फेंक पुरुष में





आदित्य बघेल, 400मीटर हर्डल अर्जुन मावई,हेमर थ्रो अश्विनी,रिले में अवधेश शर्मा,अमन,राजू ने स्वर्ण पदक जीते वहीं महिला वर्ग में 100मीटर हर्डल,400मीटर दौड़ में अनुष्का सिंह,10किमी दौड़ ,4म400रिले ममता चौधरी,4म100 रिले में शिवानी राणा,गौरी भदौरिया, भाला फेंक समीक्षा, डिस्कस थ्रो सौम्या पाराशर,4म400 रिले शिवानी, रूपाली साहू, बबली शाक्य ने पदक जीते।इस मौके पर शारीरिक शिक्षा संस्थान के निदेशक डॉ.हरेंद्र शर्मा ने सभी विजेता प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी।

### संक्षिप्त समाचार

## थिंक एंड सपोर्ट फाउंडेशन सराहनीय पहल



ग्वालियर थिंक एंड सपोर्ट फाउंडेशन द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी इस कड़कड़ाती सर्दी में बच्चों को ठंड से बचाने के लिए मुहिम चलाई गई जिसके प्रथम चरण में आज थर गांव स्थित 70 बच्चों को गर्म कपड़े व इनर सेट वितरित किए गए जिसमें उदित चतुर्वेदी शुभांगी चतुर्वेदी, शरद मंगल चंचला मंगल, सौरभ जैन का सहयोग प्राप्त हुआ व आतिथ्य में डॉ. केशव पांडे जी



साथ ही संस्था संस्थापक अनिल कांत, सुकन्या शर्मा, जवान सिंह, चित्रा कुशवाह, राजेश कुशवाह, बविता कुशवाह, पूजा भजैया आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## महिला सहकारी संस्थाओं के संचालक मण्डल के चुनाव के लिये कार्यक्रम जारी

### रिटर्निंग अधिकारियों का प्रशिक्षण 22 दिसम्बर को

**ग्वालियर** जिले की 36 प्राथमिक महिला आजीविका बहुप्रयोजन सहकारी संस्थाओं के संचालक मण्डल के निर्वाचन के लिये राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी द्वारा कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। साथ ही निर्वाचन कार्य सम्पन्न कराने के लिये रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति भी कर दी गई है। नियुक्त किए गए रिटर्निंग अधिकारियों का प्रशिक्षण 22 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय भितरवार के सभाकक्ष में रखा गया है। उपायुक्त सहकारिता से प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला आजीविका बहुप्रयोजन सहकारी संस्थाओं के संचालक मण्डल के निर्वाचन के लिये आम सभा की सूचना एवं निर्वाचन कार्यक्रम जारी करने की तिथि 5 जनवरी रखी गई है। नामांकन 12 जनवरी 2024 को प्रस्तुत किए जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जाँच एवं वैध नामांकन पत्रों की सूची का प्रकाशन 14 जनवरी को किया जायेगा। 15 जनवरी को नाम वापस लिए जा सकेंगे। इसी दिन चुनाव चिन्हों का आवंटन होगा। रिक्त स्थानों के संयोजन की तिथि 22 जनवरी रखी गई है। अध्यक्ष-उपाध्यक्ष एवं अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन की सूचना 22 जनवरी को जारी की जायेगी। अध्यक्ष-उपाध्यक्ष एवं अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन के लिये 25 जनवरी 2024 की तिथि निर्धारित है। विस्तृत जानकारी के लिये उपायुक्त सहकारिता के कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

## महिला सहकारी संस्थाओं के संचालक मण्डल के चुनाव के लिये कार्यक्रम जारी रिटर्निंग अधिकारियों का प्रशिक्षण 22 दिसम्बर को

ग्वालियर जिले की 36 प्राथमिक महिला आजीविका बहुप्रयोजन सहकारी संस्थाओं के संचालक मण्डल के निर्वाचन के लिये राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी द्वारा कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। साथ ही निर्वाचन कार्य सम्पन्न कराने के लिये रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति भी कर दी गई है। नियुक्त किए गए रिटर्निंग अधिकारियों का प्रशिक्षण 22 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय भितरवार के सभाकक्ष में रखा गया है। उपायुक्त सहकारिता से प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला आजीविका बहुप्रयोजन सहकारी संस्थाओं के संचालक मण्डल के निर्वाचन के लिये आम सभा की सूचना एवं निर्वाचन कार्यक्रम जारी करने की तिथि 5 जनवरी रखी गई है। नामांकन 12 जनवरी 2024 को प्रस्तुत किए जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जाँच एवं वैध नामांकन पत्रों की सूची का प्रकाशन 14 जनवरी को किया जायेगा। 15 जनवरी को नाम वापस लिए जा सकेंगे। इसी दिन चुनाव चिन्हों का आवंटन होगा। रिक्त स्थानों के संयोजन की तिथि 22 जनवरी रखी गई है। अध्यक्ष-उपाध्यक्ष एवं अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन की सूचना 22 जनवरी को जारी की जायेगी। अध्यक्ष-उपाध्यक्ष एवं अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन के लिये 25 जनवरी 2024 की तिथि निर्धारित है। विस्तृत जानकारी के लिये उपायुक्त सहकारिता के कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

## विकसित भारत @2047 छात्रों को प्रेरित करने जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

### विकसित भारत @2047 के लिए पत्रकारिता के छात्रों ने दिए सुझाव

**ग्वालियर।** प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत ञ्च2047 की परिकल्पना को साकार करने के लिए और छात्रों को इस विषय में सुझाव देने के लिए प्रेरित करने के उ?द्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जीवाजी विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं समाज कार्य विभाग के संयुकत तत्वावधान में किया गया। इस मौके पर पत्रकारिता विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर एस.एन. महापात्रा ने कहा कि 2047 में भारत आज़ादी के एक सौ वर्ष पूर्ण कर लेगा। उस समय भारत किस स्तिथि में होना चाहिए यह चिंतन का विषय है। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को 2047 तक विकसित राष्टों की कतार में खड़ा करने की परिकल्पना प्रस्तुत



की है। इसे साकार करने के लिए सभी वर्गों की सहभागिता आवश्यक है। समाज कार्य विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर विवेक बापट ने कहा कि विकसित भारत ञ्च2047 का विज़न हमे यह सोचने के लिए प्रेरित करता है कि आज़ादी की एक सौवीं वर्ष गांठ पर भारत को हम कैसा देखना चाहते है। प्रोफेसर बापट ने कहा भारत में मानव संसाधन की कोई कमी नहीं है फिर भी हम एक क्रेता समाज बने हुए हैं। हमें उत्पादक समाज बनने की दिशा में प्रयत्न करने की जरूरत है।इसके पश्चात छात्रों ने परिचर्चा के दौरान विकसित भारत ञ्च2047 के लिए रचनात्मक सुझाव प्रस्तुत किए। जिनमें विकास को गति प्रदान करने, सुशासन लाने, विज्ञान एवं तकनीक को बढ़ावा देने जैसे विषय पर व्यक्त विचार शामिल थे। विद्यार्थियों ने भारत सरकार द्वारा विकसित भारत ञ्च2047 के लिए बनाए गए पोर्टल पर अपने विचार साझा किए।

### ग्वालियर आने वाले पर्यटकों से मित्रवत व्यवहार करें : जिलाधीश अक्षय कुमार सिंह

## स्वदेश दर्शन 2.0 योजना को लेकर हुई होटल व ट्रांसपोर्ट व्यवसाइयों की बैठक

**ग्वालियर ।** ऐतिहासिक नगरी ग्वालियर में आने वाले पर्यटकों के साथ मित्रवत व्यवहार करें। साथ ही उन्हें शहर की ऐतिहासिकता और पर्यटन स्थलों से भी परिचित कराएँ, जिससे



अपने शहर में पर्यटन को बड़ावा मिले। यह बात कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने स्वदेश दर्शन 2.0 को लेकर आयोजित हुई शहर के ट्रांसपोर्टर एवं होटल व्यवसाइयों की बैठक में कही।मंगलवार की देर शाम स्मार्ट सिटी कार्यालय के सभागार में आयोजित हुई बैठक में होटल एवं ट्रांसपोर्ट व्यवसाइयों से यह भी कहा गया कि वे अपने पंजीयन पर अवश्य कराएँ। इससे देश ङ्क विदेश से आने वाले पर्यटकों को आपके संस्थान की जानकारी मिलेगी। जाहिर है सभी व्यवसाइयों को फायदा भी होगा। इस पोर्टल पर पंजीयन पूर्णत- निश्शुल्क है। पोर्टल पर ऑटो व टैक्सी इत्यादि का पंजीयन भी कराया जा सकता है। साथ ही होटल, होम स्टे व धर्मशाला इत्यादि का पंजीयन भी कराया जा सकता है। निधि पोर्टल पर पंजीयन में दिक्कत आने पर मोबाइल फोन नम्बर 9801227734 पर संपर्क किया जा सकता है। बैठक में स्मार्ट सिटी की सीईओ श्रीमती नीतू माथुर, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी एस पी सिंह, स्वदेश दर्शन योजना के नोडल अधिकारी शिशिर श्रीवास्तव तथा मध्यप्रदेश टूरिज्म के अधिकारी मौजूद रहे।

## इंदौर में कोराना केस मिलने के बाद एमपी सरकार सतर्क, कोविड-19 को लेकर आदेश जारी

कोरोना वायरस संक्रमण के मामले को देखते हुए बुधवार को मध्य प्रदेश सरकार की ओर से आदेश जारी किए गए हैं. सरकार की ओर से जारी आदेश के मुताबिक प्रदेश में टीटीटी की रणनीति के तहत टेस्ट, ट्रैक और ट्रीटमेंट का पालन करते हुए व्यापक रूप से योजनाबद्ध तरीके से पहले की तरह संभावित रोगियों की जल्द पहचान और तुरंत इलाज की प्रक्रिया का पालन किये जाने के आदेश दिए गए हैं.कोरोना के तुरंत नियंत्रण के लिए पर्याप्त ऑक्सीजन सर्पोटेड बेड, आईसीयू बिस्तर, वेंटिलेटर समेत सभी सुविधाएं सुनिश्चत किए जाने के आदेश दिए गए हैं.

बता दें कि मालदीव की यात्रा के बाद गृह नगर इंदौर लौटे एक ही परिवार के दो लोग हफ्ते भर के भीतर कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं. स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी. समेकित रोग निगरानी कार्यक्रम (आईडीएसपी) की जिला इकाई के नोडल अधिकारी डॉ. अमित मालाकार ने बताया कि कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए लोगों में एक 33 वर्षीय महिला और एक 38 वर्षीय पुरुष शामिल हैं.उन्होंने बताया कि 13 दिसंबर को कोरोना वायरस संक्रमित मिली महिला उसके घर में पृथक-वास (होम आइसोलेशन) में रखे जाने की सात दिन की अवधि



पूरी कर चुकी है, जबकि पुरुष के बारे में 18 दिसंबर को पता चला कि वह भी इस महामारी की जद में है. मालाकार ने बताया कि कोरोना वायरस से संक्रमित पुरुष अब भी अपने घर में पृथक-वास में है.उन्होंने बताया, ''दोनों मरीज एक-दूसरे के नजदीकी रिश्तेदार हैं और कुछ दिन पहले मालदीव की यात्रा से लौटे थे. उनमें सर्दी-खांसी के लक्षण पाए गए. दोनों की हालत ठीक है.''

मालाकार ने बताया, वे कोरोना वायरस के किस स्वरूप से संक्रमित हैं, यह पता लगाने के लिए दोनों मरीजों के नमूने पूर्ण जीनोम अनुक्रमण जांच के लिए भोपाल के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) भेजे गए हैं. देश में कोरोना वायरस के नये जेएन.1 स्वरूप का पहला मामला आठ दिसंबर को केरल में सामने आया था. सरकार ने सर्द मौसम और विशेष रूप से नये साल के उत्सव के दौरान बंद स्थानों में अपेक्षित भीड़ के संदर्भ में आम जनता को एहतियाती उपायों का पालन करने के लिए कहा है.

### थाना मुरार पुलिस ने दो शातिर चोर व एक मोबाइल चोर को चोरी के माल सहित किया गिरफ्तार

## पकड़े गये चोरों से एक आईफोन 12 मोबाइल, व्हील ड्रम व हॉफ साफ्ट कीमती मशरूका लगभग एक लाख रूपये का किया बरामद

ग्वालियर। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर राजेश सिंह चन्देल,भापुसे द्वारा ग्वालियर जिले में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाकर चोरों व नकबजनों को पकड़ने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में अति. पुलिस अधीक्षक,ग्वालियर शहर (पूर्व/अपराध/यातायात) ऋषिकेश मीना,भापुसे द्वारा अपने अधीनस्थ समस्त थाना प्रभारियों को थाना क्षेत्र में हुई चोरी व नकबजनी की घटनाओं का पर्दाफाश करने के लिए निर्देशित किया गया।वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशो के परिपालन में सीएसपी मुरार श्री राजीव जंगले के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मुरार निरीक्षक मदन मोहन मालवीय द्वारा थाना क्षेत्र में हुई चोरी व नकबजनी की घटनाओं के आरोपियों की पतारसी हेतु थाना बल की टीम को लगाया गया। थाना मुरार पुलिस द्वारा अप0क्र0 983/23 धारा 379 भादवि में दो संदिग्धों को पकड़ा गया जिनके द्वारा आर्मी मुरार क्षेत्र में खड़े एक ट्रक अशोक लीलेण्ड के व्हील ड्रम व हॉफ साफ्ट चोरी किये गये थे। पुलिस द्वारा उक्त दोनों आरोपियों की निशादेही पर चोरी गये व्हील ड्रम व हॉफ साफ्ट को लाल टिपारा पुलिया के पास से बरामद किया गया। पकड़े गये दोनों आरोपियों को पुलिस द्वारा उक्त प्रकरण में विधिवत गिरफ्तार किया गया।थाना मुरार पुलिस को एक अन्य सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति रामलीला मैदान मुरार के पास चोरी का मोबाइल बेचने के लिये खड़ा है। मुखबिर की सूचना की तस्दीक हेतु थाना मुरार पुलिस की टीम को रामलीला मैदान के पास भेजा गया। वहां पर मुखबिर के बताये हुलिया का एक व्यक्ति हाथ में मोबाइल लिये खड़ा दिखा जो पुलिस को देखकर भागने लगा, जिसे टीम द्वारा घेरबंदी कर पकड़ लिया गया। पूछताछ करने पर उसने स्वयं को हरदौल गार्डन के पीछे सचिन तेंदुलकर मार्ग सिरौल का रहने वाला बताया। उसके पास मिले एक आईफोन 12 मोबाइल के संबंध में पूछताछ की तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। पुलिस टीम द्वारा हिकमत अमली से पूछताछ की तो उक्त आईफोन 12 मोबाइल बारादरी चौराहे पर एक व्यक्ति के थैले से निकाल लिया था। पुलिस द्वारा जब मोबाइल का आईएमईआई चेक किया गया तो उक्त मोबाइल थाना मुरार के अप0क्र0 986/23 धारा 379 भादवि में चोरी गया मशरूका होना पाया गया। थाना मुरार पुलिस द्वारा उक्त आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया गया।

**बरामद माल मशरूकाः** एक आईफोन 12 मोबाइल, व्हील ड्रम व हॉफ सॉफ्ट कीमती मशरूका लगभग एक लाख रूपये।


**सराहनीय भूमिकाः** थाना प्रभारी मुरार निरी0 मदन मोहन मालवीय, प्र.आर. मकरन्द सिंह तोमर, म.प्र0आर0 अर्चना कंसाना, आरक्षक संजय गुर्जर, राजेश परिहार, सूरज परमार, धर्मेन्द्र राठौर की सराहनीय भूमिका रही।

**सांता नहीं संतों की भूमि है भारत 25 को तुलसी दिवस के रूप में मनायें**

# शासकीय व प्राइवेट विद्यालयों में बच्चों को जोकर न बनायें भगवान राम और कृष्ण के बारे में बतायें : गिरिराज पांडे

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड। भारत राष्ट अनादिकाल से संतों से जाना जाता है ये देश किसी सांता का नहीं संतों का है इसलिए सभी भारतवासियों को मिलकर सनातन संस्कृति के हिसाब से ही 25 दिसंबर को क्रिसमस डे मनाकर नहीं बल्कि तुलसी पूजन कर तुलसी दिवस के रूप में मानना चाहिए, यह बातें श्री परशुराम सर्व ब्राह्मण महासंघ के युवा प्रदेश अध्यक्ष गिरिराज पाण्डेय (राज) ने क्रिसमस डे को लेकर प्रतिक्रिया करते हुए कही। युवा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि लोग हाई टेक दिखने के चक्कर में भारतीय परम्पराओं के वजाय पश्चिमी सभ्यताओं को अपना रहे हैं जबकि पश्चिम देश के लोग भारतीय परम्पराओं को अपना रहे हैं, तुलसी आध्यात्मिक व वैज्ञानिक दृष्टि से अति महत्वपूर्ण है। भारत ऋषि - मुनियों का देश है शासकीय, प्राइवेट साहित सभी शिक्षण संस्थानों को भी 25 दिसंबर के दिन बच्चों को जोकर की तरह सजाकर क्रिसमस डे मनाने की वजाये हमारे आध्यात्मिक धर्मगुरुओं हमारे देश के महापुरुषों के बारे बताना चाहिए और सामूहिक रूप से तुलसी पूजन करवाकर 25 दिसंबर को तुलसी दिवस के रूप में मनाना चाहिए।



हिंदू धर्म में तुलसी पूजा का बहुत महत्व है किसी भी शुभ कार्य करने से पहले तुलसी पूजा की जातीहै, तुलसी भगवान विष्णु की अतिप्रिय हैं इसलिए भगवान विष्णु को भोग लगाते समय तुलसी पत्ते का प्रयोग किया जाता है। ऐसी मान्यता है कि जिन घरों में तुलसी का पौधा होता है, वहां कभी भी नकारात्मक ऊर्जा नहीं आती, हिंदू धर्म में मान्यता है कि जो लोग तुलसी की पूजा करते हैं वे मृत्यु के बाद स्वर्ग जाते हैं और उन्हें मोक्ष भी मिलता है। रोज तुलसी के पौधे में जल अर्पित करने व्यक्ति को कोई रोग नहीं होता, इसके अलावा तुलसी के पत्ते का सेवन भी सेहत के लिए बहुत लाभकारी माना जाता है। घर में इसे रखने और रोज पूजा करने से सुख-समृद्धि बनी रहती है और किसी तरह की कोई परेशानी जीवन में नहीं आती।

# परगना के प्रमुख,खेल संयोजक द्वारा खेल महाकुंभ की पूर्व तैयारी का लिया जायजा

**पुष्पाजंली टुडे / नारायणलाल सेंणचा**



**कुशालपुरा**/चर्तुथ अखिल भारतीय सीरवी समाज खेल प्रतियोगिता कुशालपुरा दिनांक 25 दिसंबर से 29 दिसम्बर 2023 के बीच होने जा रहा है, इसके पूर्व में तैयारी हेतू क्रिकेट मैदान बेरा गोरवा ओर श्री मरुधर केसरी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कुशालपुरा पर खेल संयोजक अगराराम चोयल,आयोजन समिति के उमाराम , नारायण लाल, तरुण काग, बाबूलाल, मोहनलाल, भंवरलाल बुधाराम, धर्मीचंद कुशालपुरा एवम सोजत परगना के रतन फोजी, भंवरलाल, बाबूलाल अटबड़ा, मोहन लाल आदि व्यवस्थाओ का जायजा लेते हुए साथ ही अगराराम चोयल ने कहा कि 22 दिसम्बर तक लगभग सभी खेल मैदान तैयार हो जाएंगे। इसके पूर्व भी सभी प्रगनाओ के प्रमुख गण तैयारी जायजा हेतु आए हैं। संयोजक अगराराम चोयल ने कहा कि अखिल भारतीय सीरवी महासभा के तत्वाधान में भारतीय सीरवी समाज खेल महाकुंभ इसके पहला बिलाडा, दूसरा जैतारण, तीसरा अटबाडा सोजत, एवम् अब चौथा कुशालपुरा में खेल महाकुंभ होगा । सभी खेल महाकुंभ की दिनाक 25 दिसम्बर से 29 दिसम्बर के बीच ही रही। अगराराम चोयल ने समाज के खेल प्रेमियों व खिलाड़ियों से निवदेन किया कि इस चौथे खेल महाकुंभ में भाग लेने हेतू ज्याद से ज्याद संख्या में पधारे। उन्होंने कहा कि हमारे समाज का बहुत बड़ा चतुर्थ खेल महाकुंभ आयोजन होने जा रहा है। अतः सभी खिलाड़ियों से उम्मीद की जाती है की ड्यादा से ज्यादा संख्या में खिलाड़ी पधारे एवं अपनी खेल प्रतिभा को दिखाने का एक सुनहरा अवसर है। एक ही मंच पर बहुत सारी खेल प्रतियोगिता प्रतिस्पर्धा कुशालपुरा खेल महाकुंभ में होगी।

# उपराष्ट्रपति और सदन के सभापति की अवहेलना करने वाले टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी का भाजपा ने पुतला फूंका

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर संसद भवन में विपक्षी सांसदों के द्वारा देश के उपराष्ट्रपति और सदन के सभापति के विरुद्ध अभद्र टिप्पणियां करने और संवैधानिक पद की अवमानना के विरोध में और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी तथा तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी का पुतला दहन भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया के नेतृत्व में पार्टी के सैकड़ो कार्यकर्ताओं द्वारा परेड चौराहे पर पुतला दहन किया गया।पुतला दहन कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष अनिल कटारे उपेंद्र शर्मा, उपेंद्र राजौरिया, राधा कृष्ण शर्मा, खटीक,मुकेश जैन डॉक्टर तरुण शर्मा, मंडल अध्यक्षों में प्रदीप सिंह भदौरिया



अनिल सिंह कुशवाह ,बजरंग सिंह भदौरिया, जिला मंत्रियों में श्रीमती रश्मि टीपू,अमित जैन, शेर पचौरी, शिवकिशोर सिंह राजावत, नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष रामनरेश शर्मा ,किसान मोर्चा के जिला महामंत्री धर्मेंद्र सिंह राजावत बेबी राठौर, भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष विक्रांत सिंह कुशवाह, जिला महामंत्री अतिराज सिंह नरवरिया प्रदेश कर समिति के सदस्य अतुल पाठक शेखर खटीक रोहित शाक्य, आकाश पुरोहित, अनुज बाल्मिक, सूरज बरुआ प्रशांत सोनी, वीरेंद्र कौशल, पार्षद दशरथ सिंह भदौरिया, पार्षद अमित चौधरी ,भानु जयंत संतोष सिंह कुशवाह, दीपेंद्र सिंह तोमर ,आशीष त्रिपाठी आदि लोग काफी संख्या में मौजूद थे।

# त्रि-स्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2023

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**मतदान दिवस 5 जनवरी को संबंधित पंचायतों में सार्वजनिक अवकाश**

**भिण्ड। जिले में त्रि-स्तरीय पंचायत उप निर्वाचन कार्यक्रम के तहत पंच एवं सरपंच पद का निर्वाचन 5 जनवरी 2024 को होगा। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजकुमार खत्री ने बताया कि जिन ग्राम पंचायतों में उप चुनाव होने हैं उनमें निवासरत शासकीय, अर्द्वशासकीय व शासकीय निगमो के अधिकारी-कर्मचारियों को मतदान की सुविधा प्रदान करने के लिए मतदान दिवस 5 जनवरी 2024 को सार्वजनिक अवकाश रहेगा।**

# पैथोलॉजी विभाग एवं शिशु रोग विभाग के द्वारा थेलेसिमियां एवं रक्त कोष पर एक दिवसीय सेमीनार आयोजित

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-श्रीमंत राजमाता विजयाराजे सिंधिया चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय शिवपुरी में बुधवार को मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित, पुष्प अर्पण कर थैलेसीमिया एवं रक्त कोष पर सीएमई का शुभारंभ मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. के. बी. वर्मा, अस्पताल अधीक्षक आशुतोष चौत्रिथी , विभागाध्यक्ष डॉ.अपराजिता तोमर, विभागाध्यक्ष डॉक्टर प्रियंका गर्ग, विभागाध्यक्ष डॉक्टर पंकज शर्मा द्वारा किया गया। पैथोलॉजी विभाग एवं शिशु रोग विभाग के द्वारा एक का आयोजन किया गया, जिसमें शिशु रोग विभाग द्वारा थैलेसीमिया के बारे में बताया गया ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉक्टर प्रियंका गर्ग विभागाध्यक्ष द्वारा बताया कि थैलेसीमिया जेनेटिक बीमारी है, जिसके बढ़ने का कारण लोगों में जागरूकता की कमी है। इस बीमारी की रोकथाम के लिए शादी से पहले लड़के-लड़कियों को टेस्ट करवाना चाहिए। उन्होंने बताया कि थैलेसीमिया गंभीर अनुवांशिक खून रोग है। इससे पीड़ित व्यक्ति में लाल सेल बनाने की शक्ति कम या खत्म हो जाती



है। इस रोग के प्रमुख लक्ष्णों में पीड़ित के वृद्धि और विकास में देरी, थकावट महसूस करना, चमड़ी का रंग पीला पड़ना आदि शामिल हैं।वहीं डॉक्टर शमी जैन के द्वारा थैलेसीमिया को किस तरह ट्रीट किया जाता है उसके बारे में जानकरी दी। पैथोलॉजी विभाग की विभाग अध्यक्ष डॉ.अपराजिता तोमर ने बताया कि ब्लड चड़ाने से पहले ब्लड बैग पर लिखी एक्सपायरी डेट ड्रूर देख लें। कभी भी ब्लड वाले बैग को गंदे हाथो से न छुये, निश्चित कर ले कि आपके हाथ पहले धुले हो फिर ही आप ब्लड बैग को छुएं। ब्लड को अस्पताल ले जाते समय इस बात की सावधानी बरतनी चाहिए कि उसका तापमान 4 डिग्री सेल्शियस तक बना रहे। इसके लिए थेर्मोकोल के बॉक्स का इस्तेमाल करना चाहिये। याद रखें कि कभी भी ब्लड को बर्फ के साथ न रखें। इसके साथ ही डॉक्टर हेमलता बमोरिया डॉक्टर विद्यानंद पंडित, डॉक्टर शिल्पा सुपेकर के द्वारा रक्त किस तरीके से चढ़ाया जाता है और कब दिया जाना चाहिए इसके बारे में बताया गया पैथोलॉजी विभाग के डॉक्टर पारुल नेमा ने थैलेसीमिया की जांचों के बारे में अवगत कराया। इस ष्टस्ब्ध के मुख्य अतिथि डॉक्टर अशोक राजोरिया हेमेटो ऑकोलॉजिस्ट ग्वालियर के द्वारा विभिन्न प्रकार की एनीमिया एवं उनकी डायग्नोसिस कैसी की जाती है इसके बारे में पूरी सभा को अवगत कराया । इस दौरान शहर के वरिष्ठ पैथोलॉजिस्ट एवं पीडियाट्रिशियन भी उपस्थित रहे।

# शिवाजी पब्लिक स्कूल में फायर ब्रिगेड टीम के द्वारा स्कूल के बच्चों को आग पर काबू पाने का वताया तरीका






**दैनिकपुष्पांजली टुडे**
**संवाददाता मालनपुर**

मालनपुर भिंड ग्वालियर सीमा पर स्थित शिवाजी पब्लिक स्कूल में पूलिस फायर ब्रिगेड विभाग ने आग से सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। मालनपुर फायर ब्रिगेड प्रभारी निरीक्षक सतीश चतुर्वेदी के नेतृत्व में अग्निशमन दस्ता के सदस्यों ने सबसे पहले कागज के ढेर में आग लगाकर कार्बन डाइऑक्साइड से आग से बचा कर दिखाया। इसके बाद दूसरी कड़ी में पेट्रोल डीजल लगने वाली आग लगा को बुझाने तरीका बताया गया। इस दौरान दिखाए गए तरीकों पर उत्साहित स्कूली बच्चों द्वारा बीच-बीच में तालियां बजाते रहे। फायर पुलिस आरक्षक नारायण शर्मा ने बताया कि अपनी छोटी सी गलती से बाड़ी दूर घटना में बदल जाती है जिससे हमें सावधान एवं जागरूक होने की जरूरत है बच्चों अगर कहीं आग की दुर्घटना हो तो सबसे पहले फायर पुलिस को सूचना दें अगर आपने घर घरेलू सिलेंडर से गैस रिसाव हो रही है और आप कहीं गए हैं किचन बन्द तो सबसे पहले आए खिड़की दरवाजे खोल दे जिससे गैस का फैलाव हो जाए और दुर्घटना होने से पहले ही उसे पर काबू सके फायर स्टेशन प्रभारी चतुर्वेदी ने कहा कि इस स्कूल में जो आग बुझाने के जरूर की सारी चीज उपलब्ध है यह देखकर हमें बहुत अच्छा लगा है शिवाजी पब्लिक स्कूल संचालक से निजी स्कूल संचालकों को सीख लेनी चाहिए आग बुझाने लिए जागरूकता होना आवश्यक है, आग लगने के बाद उससे निपटने के तरीके बताएं गए। प्रदर्शन इसलिए किया गया ताकि आम लोगों व स्कूली बच्चों को आग बुझाने पर खुद का बचाव करने के साथ-साथ आग पर काबू पा सकें। इस प्रकार के आयोजन से प्रभावित होकर स्कूल संचालक दिनेश परिहार उर्फ बंटू ने अग्नि शमन पदाधिकारी एवं समस्त स्टाफ को माल्याअर्पण श्रीफल श्रीफल सोल एवं तस्वीर देकर सम्मानित किया। इस उपलक्ष उपस्थित अग्निशामक पदाधिकारी सतीश चतुर्वेदी , नारायण शर्मा, बिशन सिंह, हेमंत श्रीवास्तव, जयवीर सिंह, रामकृष्ण रघुवंशी, जितेंद्र राठौड़ सुदामा शर्मा, एवं समस्त स्कूल का स्टाफ उपस्थित रहा।

# पुलिस द्वारा व्यापारियों से प्रतिष्ठानों एवं सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीव्ही कैमरे लगाने की अपील की

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव द्वारा दिनांक 19/12/2023 को मीडिया के माध्यम से व्यापारियों से 5 मेगा पिक्सल व उससे अच्छी क्वालिटी की सीसीटीव्ही कैमरे प्रतिष्ठानों पर लगाने की अपील की थी जिसके तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक,उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय संजय कोच्छा के निर्देशन में थाना ऊमरी में व्यापारियों के उपस्थित आने पर थाना प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र शर्मा द्वारा व्यापारियों से संवाद किया जाकर पुलिस अधीक्षक की अपील से व्यापारियों को अवगत कराया जिस पर व्यापारियों द्वारा एक-दूसरे के सहयोग से प्रतिष्ठानों तथा सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीव्ही कैमरे लगवाने हेतु सहमति दी तथा अन्य लोगों को भी सीसीटीव्ही कैमरे प्रतिष्ठानों पर लगाये जाने हेतु प्रेरित किया ।दिनांक 07/12/2023 को कस्बा ऊमरी में हुई लूट का खुलासा करने में पुलिस की



कार्यवाही की सराहना करते हुए व्यापारियों द्वारा पुलिस का स्वागत सम्मान किया गया तथा व्यापारी वर्ग एवं सामाजिक संगठनों ने पुलिस का सहयोग करने हेतु अपने-अपने प्रतिष्ठानों के बाहर रोड कवर करते हुए बेहतर क्वालिटी के सीसीटीव्ही कैमरे लगवाने की बात कही। मीटिंग में उपस्थित व्यापारी सुनील जैन, समाज सेवी डॉ. शतीष यादव उर्फ मुखिया द्वारा स्वयं के व्यय से कस्बा बाजार ऊमरी में अच्छी क्वालिटी के सीसीटीव्ही कैमरे लगवाने की घोषणा की।विगत दिवस कस्बा ऊमरी में हुई सराफा व्यवसायी की लूट हत्याकांड के फरियादी अरविन्द सोनी द्वारा भी मीटिंग के दौरान सभी व्यापारियों से अपने प्रतिष्ठानों पर अच्छी क्वालिटी के सीसीटीव्ही कैमरे लगवाने की अपील की।

# उत्तरप्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने किये कामतानाथ के दर्शन



**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

सतना उत्तरप्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल बुधवार को चित्रकूट प्रवास के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुईं। चित्रकूट पहुंचकर राज्यपाल श्रीमती पटेल ने भगवान कामतानाथ स्वामी के दर्शन किये और परिक्रमा की। राज्यपाल जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग



विश्वविद्यालय चित्रकूट के कार्यक्रम में भी शामिल हुईं। राज्यपाल श्रीमती पटेल रामघाट में आयोजित गंगा आरती में भी शामिल हुईं। उत्तरप्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल के चित्रकूट पहुंचने पर प्रभारी कलेक्टर और सीईओ जिला पंचायत सतना डॉ परीक्षित झा?, पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, एसडीएम जीतेन्द्र वर्मा ने सौजन्य भेंट कर उनका स्वागत किया।

# कलेक्टर ने उपार्जित धान का तत्काल उठाव और भण्डारण कराने के निर्देश दिए

पुष्पांजली टुडे

रीवा। कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने धान उपार्जन की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि कई खरीदी केन्द्रों में भारी मात्रा में उपार्जित धान रखी हुई है। जिन समितियों का मिलर्स से अनुबंध हो गया है उनसे मिलर्स तत्काल धान का उठाव कराएं। शेष समितियों की धान 24 दिसम्बर तक वेयरहाउसों में सुरक्षित भण्डारित कराएं। जहाँ गोदाम उपलब्ध नहीं हैं वहाँ तत्काल परिवहन कराकर धान का सुरक्षित भण्डारण कराएं। कलेक्टर ने कहा कि महाप्रबंधक जिला सहकारी बैंक किसानों को उपार्जित धान का उनके बैंक खाते में भुगतान कराएं। जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम उपार्जित धान का तत्काल स्वीकृति पत्रक जारी करें जिससे सहकारी बैंक भुगतान की कार्यवाही कर सके। अपर कलेक्टर, सभी एसडीएम तथा खाद्य विभाग के अधिकारी खरीदी केन्द्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करें। धान खरीदी में किसी भी तरह की अनियमितता पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही करें। उत्तरप्रदेश की सीमा से लगे खरीदी केन्द्रों में विशेष निगरानी रखें। किसी भी स्थिति में अन्य राज्यों की धान खरीदी केन्द्रों में नहीं आनी चाहिए। जाँच नाकों में वाहनों की कड़ी निगरानी रखें। कलेक्टर ने कहा कि अपर कलेक्टर प्रतिदिन धान की खरीदी, उठाव, परिवहन तथा किसानों को भुगतान का प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। जिन समितियों में अधिक मात्रा में धान है वहाँ अतिरिक्त ट्रक लगाकर धान का परिवहन कराएं। मिलर्स द्वारा खरीदी केन्द्रों



से उठाई जा रही धान की भी नियमित मॉनीटरिंग करें। उपार्जित धान की मिलिंग भी तत्काल शुरू करा दें। अब तक जिन समितियों ने धान की खरीदी शुरू नहीं की है उन खरीदी केन्द्रों को आवश्यकता न होने पर बंद करा दें। कलेक्टर ने जिला मापतौल अधिकारी को उपार्जन केन्द्रों से जुड़े धर्मकांटों का निरीक्षण करके प्रतिवेदन देने के निर्देश दिए। बैठक में महाप्रबंधक सहकारी बैंक ज्ञानेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि किसानों को तीन करोड़ 69 लाख रुपए का भुगतान जारी कर दिया गया है। यह राशि कल तक किसानों के खातों में पहुंच जाएगी। नागरिक आपूर्ति निगम से स्वीकृति पत्र जारी होते ही किसानों को तत्काल भुगतान किया जाएगा। बैठक में अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, प्रभारी अधिकारी नागरिक आपूर्ति निगम तथा डिप्टी कलेक्टर रामनिवास सिकरवार, सहायक आपूर्ति अधिकारी सुभाष द्विवेदी तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे

## राज्यपाल जी के दौरे की तैयारियों का कलेक्टर ने लिया जायजा



पुष्पांजली टुडे

रीवा। प्रदेश के राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल 23 दिसम्बर को दो दिवसीय दौरे पर रीवा आएंगे। राज्यपाल श्री पटेल 23 दिसम्बर को श्यामशाह मेडिकल कालेज रीवा के 60वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। राज्यपाल श्री पटेल के दौरे की तैयारियों का कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जायजा लिया। कलेक्टर ने राजकपूर ऑडिटोरियम तथा मेडिकल कालेज के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण कर अधिकारियों को तैयारियों के निर्देश दिए। मौके पर उपस्थित मेडिकल कालेज के डीन डॉ मनोज इंदुलकर ने कार्यक्रमों के संबंध में की जा रही तैयारियों की जानकारी दी। इस अवसर पर पूर्व डीन डॉ पीसी द्विवेदी, डॉ सीबी शुक्ला तथा अन्य डॉक्टर्स उपस्थित रहे।

## सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बरतने पर कलेक्टर ने 11 अधिकारियों को दिया कारण बताओ नोटिस

पुष्पांजली टुडे

रीवा। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में विभागीय अधिकारियों द्वारा लापरवाही बरतने पर कलेक्टर ने 11 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ केएल नामदेव, जिला शिक्षा अधिकारी जीपी उपाध्याय, लीड बैंक मैनेजर संजय निगम, सहायक श्रम पदाधिकारी मनोज मिश्रा, कार्यपालन यंत्री पीएचई संजय पाण्डेय, सहायक संचालक पशुपालन एवं डेयरी डॉ राजेश मिश्रा, कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी एमके द्विवेदी, अधीक्षण यंत्री विद्युत मण्डल आईके त्रिपाठी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे एवं जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण डीएस परिहार को सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण नहीं करने तथा विभाग की शिकायतों के निराकरण में लापरवाही व स्वेच्छाचारिता बरतने पर कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिवस में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

## थाना समान पुलिस ने सायबर ठगी एवं धोखाधडी करने वाली अंतर राज्जीय गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार किया



पुष्पांजली टुडे

रीवा। एसपी विवेक सिंह, एएसपी अनिल सोनकर के निर्देशन में एवं सीएसपी शिवाली चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में समान थाना प्रभारी जेपी पटेल को बड़ी सफलता मिली है सायबर ठगी एवं धोखाधडी करनेवाले 04 आरोपियो को साइबर सेल टीम के सहयोग से अंतरराजी गिरोह को गिरफ्तार किया गया इस संबंध में थाना प्रभारी सामान ने बताया है किदिनांक 18.12.23 को फरियादी शनि कुमार यादव पिता स्व. श्री जानकी प्रसाद यादव उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम जोगिनिहाई थाना रायपुर कर्चुलियान जिला रीवा हाल मदन पटेल के मकान में किराये से इन्दिरा नगर थाना समान जिला रीवा थाना उपस्थित आकर बताया कि शनि मोबाइल के नाम से दुकान चलाता हूँ , दिनांक 16.12.23 को शाम 3.10 पर मेरे पास दो लोग पैसा ट्रान्सफर करवाने आये और बोले कि आप मुझे 55,000 रू. कैश दे दो मैं आपके फोन पे में डाल देता हूँ तो मैं 55,000 रू. कैश दे दिया तो उन लोगों ने मुझे 40,000 क्यू आर कोड में मुझे ट्रान्सफर किये तो मैं बोला कि 55,000 हजार की जगह पर 40,000 क्यू किये तो बोले 15,000 और कर रहा हूँ । तो मैं सोचा कि कर देंगे लेकिन मैं दूसरे कस्टमर को फोन दिखाने लगा तो ये लोग बाहर निकले और भाग गये । दोनो का मोबाइल नं. 7481978585, 08877092096 है जिससे बात हुई थी अब ये मोबाइल बंद करके रखे हुये है । फरियादी की रिपोर्ट पर अप. क्र. 444/23 धारा 420,34 भादवि. का 02 अज्ञात आरोपियो के विरूद्ध कायम किया जाकर अग्रिम विवेचना मे लिया गया । घटनाक्रम के बाद दिनांक 18.12.23 को 04 सायबर ठगी करने वाले संदेही मिले जिनसे उनका नाम पता पूछा तो अपना नाम रून्ना कुमार कुशवाहा एवं प्रधुमन कुमार कुशवाहा ,एवं रजनीश पटेल, मनीश पटेल मिले जिनसे पूछताछ के दौरान 04-05 बैक एकाउन्ट अलग अलग नाम से मिले एवं कई मोबाइल फोन एवं एटीएम कार्ड बरामद हुये । आरोपियों द्वद्द व्दारा उपरोक्त एकाउन्ट मे आये हुये पैसे एटीएम कार्ड एवं दुकानदारो से फोन पे के माध्यम से पैसा डालकर नगद प्राप्त किया जा रहा था । दिनांक 16.12.23 को आरोपीगणो व्दारा शनि मोबाईल शाप से 95000/- कैस निकलवाया, उसके फोन पे मे कुल 80000/- रुपये डाला 15000/- रुपये बाद मे डालने के लिये बोला फिर दुकान वाले ने ध्यान नही दिया तो आरोपीगण वहां से चुपचाप चले गये । आरोपीगणो ने दो दिन मे कुल 151000/- रुपये एकाउन्ट मे आये हुये पैसे निकालकर दूसरे एकाउन्ट मे ट्रान्सफर कर दिया गया । शनी मोबाईल वाले के यहां से 15000/- रुपये अधिक निकाले गये रूपये मे से आरोपियो व्दारा 10000/- रुपये खर्च कर दिया तथा शेष 5000/- रुपये बरामद किया गया ।

**गिरफ्तार आरोपी** (1) रून्ना कुमार कुशवाहा पिता महेन्द्र महतो उम्र-24 वर्ष

(2) प्रधुमन कुमार कुशवाहा पिता मैनेजर महतो उम्र-24 वर्ष दोनो निवासी ग्राम खैरी टोला पोस्ट पिपरा पकडी थाना मुफासिल बैतिया जिला चम्पारण बिहार

(3) रजनीश पटेल पिता सुशील पटेल उम्र 30 वर्ष

(4) मनीश पटेल पिता सुशील पटेल उम्र 34 वर्ष दोनो निवासी जलधारा बोरबेल के पास रतहरा थाना सिटी कोतवाली रीवा

जप्त मशरूका 1. 04 नग मोबाइल 2. नगदी 5000 रू.

**महत्वपूर्ण भूमिका**-निरीक्षक जे.पी.पटेल, प्र.आर.292 शिवाजीत एवं थाना स्टाफ टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही

## रोजगार मेले में 430 युवाओं का हुआ चयन





पुष्पांजली टुडे

रीवा। . आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश कार्यक्रम के तहत कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जिले के बेरोजगार युवक एवं युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला रोजगार कार्यालय द्वारा एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की 12 कंपनियों इथ्यूसिया केयर टेक्नालॉजी प्रा.लि., वर्क-टूगेदर रीवा, एल एण्ड टी फाइनेसिंएल सर्विसेस, त्रिवेणी अलमिरा प्रा. लि., उत्कर्ष बैंक जबलपुर, फ्लिप कार्ट रीवा, फ्यूजन माईक्रो फाइनेंस जबलपुर, कैट इडयूज प्रा. लि. (रीको ऑटो) पथरेडी राजस्थान, ईसाफ बैंक भोपाल, आई सेक्ट रीवा (वर्धमान टेक्सटाईल सिहोर), आईपीएस-(इप्का फार्मा सूटिकल्स) रतलाम, बजाज केपिटल रीवा, अर्बन एण्ड रूरल इन्श्योरेंस मार्केटिंग प्रा. लि. रीवा, प्रगतिशील बायोटेक रीवा द्वारा युवाओं का चयन किया गया। उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 622 आवेदकों द्वारा पंजीयन कराया गया, जिसमें से 430 आवेदको को विभिन्न कम्पनियों द्वारा चयनित कर आफर लेटर/एलओआई प्रदान किया गया। मेले के आयोजन में जिला रोजगार कार्यालय, जेएनसीटी कालेज तथा राष्ट्रीय बल श्रम परियोजना के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा

## मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत निरीक्षण किया गया

पुष्पांजली टुडे

**रीवा।** मिलावट से मुक्ति अभियान के अन्तर्गत कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देशन में मांस खाद्य कारोबारियों के रजिस्ट्रेशन एवं लायसेंस की जांच के संबंध में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के तहत ऐसे मांस के खाद्य कारोबारी जिनका टर्नओवर 12 लाख रूपये से कम अथवा प्रतिदिन दो बडे पशु एवं छोटे पशु तथा 50 छोटे पक्षी का स्लाटरिंग /खाद्य व्यवसाय करते हों, उन्हें खाद्य सुरक्षा विभाग के अंतर्गत पंजीयन कराया जाना अनिवार्य है। साथ ही जिन जिन मांस खाद्य कारोबारियों का वार्षिक टर्नओवर 12 लाख से अधिक अथवा प्रतिदिन दो बडे पशु/10 छोटे पशु से अधिक तथा 50 छोटे पक्षी से अधिक स्लाटरिंग/खाद्य व्यवसाय करते हों उन्हें खाद्य सुरक्षा विभाग के अंतर्गत लायसेंस लिया जाना अनिवार्य है। उप संचालक एवं अमिहित अधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन डॉ. केएल नामदेव ने बताया कि खाद्य कारोबारियों द्वारा लायसेंस / रजिस्ट्रेशन के बिना व्यवसाय करते पाये जाने पर खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम की धारा 58 एवं 63 के अंतर्गत अर्थदंड एवं कारावास से दंडनीय है तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा लिए गए कानूनी नमूनों की जांच रिपोर्ट असुरक्षित पाए जाने पर अधिनियम की धारा 59 अंतर्गत अर्थदण्ड तथा कारावास दोनों का/भी प्रावधान है।

**जिले के बोर्ड परीक्षा परिणाम को प्रदेश में उत्कृष्ट श्रेणी में लाने के सभी प्रयास हों - कलेक्टर**

## कलेक्टर ने स्कूल शिक्षा विभाग के प्राचार्यों व अन्य अधिकारियों की बैठक में दिये निर्देश

पुष्पांजली टुडे

रीवा। . कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने स्कूल शिक्षा विभाग के प्राचार्यों, बीईओ, बीआरसी एवं सीएसी की बैठक में सख्त लहजे में निर्देश दिये कि जिले का बोर्ड परीक्षा का परिणाम प्रदेश में अनुपातिक तौर पर उत्कृष्ट श्रेणी में हो इसके लिये पूरी तन्मयता व गंभीरता से प्रयास किये जांय। विद्यालयों में नियमित कक्षाएं लगें, जरूरत होने पर शिक्षक अतिरिक्त कक्षाएं लें तथा रेमेडियल कक्षाओं के द्वारा भी बच्चों का शैक्षणिक स्तर सुधारे। उन्होंने आगाह किया कि अपेक्षित परिणाम नहीं आने पर संबंधित प्राचार्य के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर ने समीक्षा बैठक में अनुपस्थित बुड़वा एवं कन्या विद्यालय गंगेव के प्राचार्य को निलंबित करने तथा हायर सेकेण्डरी विद्यालय गंगेव, चौखण्ड़ी, पुरौना विद्यालयों के प्राचार्यों के वेतन रोकने के निर्देश दिये। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कक्षा 10वीं व कक्षा 12वीं में गत परीक्षा में कम प्रतिशत परिणाम वाले विद्यालयों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निदेश दिये कि सभी प्राचार्य इसे अपनी जिम्मेदारी मानें तथा परीक्षा परिणाम सुधार के लिये शैक्षणिक स्तर में सुधार के सभी उपाय करें। जिला शिक्षा अधिकारी व विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी विद्यालयों का नियमित भ्रमण करें तथा यह देखें कि जिन विद्यालयों में शिक्षक कम हो तथा जिन विद्यालयों का परिणाम अपेक्षाकृत ठीक नहीं हो वहां अतिरिक्त शिक्षकों की व्यवस्था कर अतिरिक्त कक्षाएं भी संचालित करें। उन्होंने इस दौरान कहा कि हर बच्चे की मैपिंग करें तथा उनके अभिभावकों को भी नियमित तौर पर बच्चों के स्कूल



भेजने के लिये प्रेरित करें। कलेक्टर ने कहा कि बोर्ड कक्षा में पड़ने वाले विद्यार्थी की वन टू वन जानकारी रखें तथा कमजोर विषय के लिये बच्चों को अतिरिक्त प्रयास कर शैक्षणिक स्तर में सुधार करायें। कलेक्टर ने ड्राप आउट विद्यार्थियों की जानकारी दो दिवस में देने तथा उनके लिये किये जाने वाले शिक्षा स्तर में सुधार के प्रयासों की भी जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिये। उन्होंने स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों व प्राचार्यों को स्पष्ट तौर पर निर्देशित किया कि आगामी दो माहों में विद्यालयों में सिर्फ शैक्षणिक कार्य हो तथा अन्य गतिविधियों के लिये संलग्न शिक्षकों से शैक्षणिक कार्य ही कराया जाय। जटल कक्षाओं के संचालन की बात कही। उन्होंने मऊगंज, नईगड़ी एवं हनुमना विकासखण्ड अन्तर्गत विद्यालयों के परीक्षा परिणाम अच्छी स्थिति में न होने पर नाराजगी व्यक्त की तथा जिला शिक्षा अधिकारी को इसमें विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। उन्होंने कक्षा 12वीं सहित कक्षा 5वीं एवं कक्षा 8वीं के परीक्षा परिणाम को भी प्रदेश में उत्कृष्ट स्थान में होने के लिये पूरी तत्परता से शैक्षणिक कार्य किये जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जिले का बोर्ड परीक्षा परिणाम अच्छी श्रेणी में आने के लिये प्राचार्यों व शिक्षा विभाग के अधिकारियों की जिम्मेदारी है इसके लिये वह अपनी पूरी लगन व मेहनत से काम करें। उन्होंने यू डाइस इंट्री न करने वाले प्राचार्यों के वेतन रोकने के निर्देश। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी जीपी उपाध्याय, डीपीसी देवकरण मिश्रा सहित जिले के विद्यालयों के प्राचार्य, बीईओ, बी.आरसी, सीएसी उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# बच सकती है जिंदगी

कार्डियो वैस्कलर डिजीज यानी दिल की बीमारियों से जुड़ी मौतें एक बड़ी चुनौती बनती जा रही हैं। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक दुनिया भर में इनसे होने वाली मौतों का कम से कम पांचवां हिस्सा भारत में होता है। कई हालिया स्टडीज और आंकड़े हैं, जो हालात की ज्यादा सही तस्वीर पेश करते हैं। ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज स्टडी की ताजा रिपोर्ट बताती है कि भारत में सीवीडी से होने वाली मौतों की दर प्रति एक लाख लोगों पर 272 है। ध्यान रहे, इन मौतों का वैश्विक औसत मात्र 235 है। पिछले सप्ताह जारी हुए नैशनल क्राइम रेकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े भी इस स्थिति की पुष्टि करते हैं। इसके मुताबिक 2021 में देश में ऐसी मौतों की संख्या 28,413 थी, जो 2022 में बढ़कर 32,457 हो गई। यही नहीं, अचानक होने वाली मौतों की संख्या देखें तो उनमें भी भारी बढ़ोतरी हुई है। 2021 में यह 50,734 थी, जो 2022 में 56,450 हो गई। अच्छी बात यह है कि थोड़ी कोशिशों से इनमें से ज्यादातर मौतें टाली जा सकती हैं। अगर सही समय पर मरीज को कार्डियो पल्मनरी रिससिटेशन जैसी मेडिकल सहायता उपलब्ध हो जाए तो उसकी जान बच सकती है। सीपीआर जान बचाने वाली ऐसी तकनीक है, जो किसी व्यक्ति पर तब अप्लाई की जाती है जब उसकी सांस या दिल की धड़कन बंद हो जाए। यह प्रक्रिया आसान है और आसपास मौजूद कोई भी ट्रेंड व्यक्ति मरीज को यह इलाज दे सकता है। सीपीआर के लिए न तो किसी उपकरण की जरूरत होती है और न ही कहीं भर्ती वगैरह करने की। बावजूद इसके भारत में इसके लिए बहुत कम लोगों को ट्रेनिंग मिली हुई है। यही वजह है कि नवभारत टाइम्स ने भी इस दिशा में पहल की है। उसकी तरफ से रीडर्स को इसकी ट्रेनिंग देने और उनके बीच जागरूकता फैलाने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। नैशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशंस इन मेडिकल स्टडीज ने भी सीपीआर पर राष्ट्रव्यापी जागरूकता अभियान शुरू किया है। हालात की गंभीरता को देखते हुए मौजूदा प्रयास नाकाफी हैं। जैसा कि हाल की एक लांसेट कमिशन स्टडी बताती है- भारत में एंईं के साथ ही ऑटोमेटेड एक्सटर्नल डीफाइब्रिलेटर्स की भी जरूरत है। एईडी एक ऐसा पोर्टेबल डिवाइस है, जो सांसों के असामान्य होने पर दिल को इलेक्ट्रिक शॉक देकर उसे सामान्य करता है। ये डिवाइस सार्वजनिक स्थानों पर लगाकर और लोगों को इसके इस्तेमाल की बुनियादी ट्रेनिंग देकर हालात को काफी बेहतर किया जा सकता है। जानकारों के मुताबिक सीपीआर और एईडी की सुविधाएं उपलब्ध करा दी जाएं तो मरीजों की जान बचने की संभावना दोगुना और तीन गुना तक बढ़ सकती है।

# प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर विश्व भर के सनातनियों के लिए एक राष्ट्र मंदिर होगा

**प्रह्लाद सबनानी**

पूज्य भगवान श्रीराम हमें सदैव ही मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में दिखाई देते रहे है। पूरे विश्व में भारतीय नागरिकों को प्रभु श्रीराम के वंशज के रूप में जानने के कारण, आज पूरे विश्व में हर भारतीय की यही पहचान भी बन पड़ी है। लगभग हर भारतीय न केवल 'वसुधैव कुटुंबकम', अर्थात इस धरा पर निवास करने वाला प्रत्येक प्राणी हमारा परिवार है, के सिद्धांत में विश्वास करता है बल्कि आज लगभग हर भारतीय बहुत बड़ी हद तक अपने धर्म सम्बंधी मर्यादाओं का पालन करते हुए भी दिखाई दे रहा है। भारत में भगवान श्रीराम धर्म एवं मर्यादाओं के पालन करने के मामले में मूर्तिमंत स्वरूप माने जाते है। इस प्रकार वे भारत की आत्मा है। विशेष रूप से आज जब पूरे विश्व में आतंकवाद अपने पैर पसार रहा है एवं जब विकसित देशों में भौतिकवादी विकास सम्बंधी मॉडल के दुष्परिणाम, लगातार बढ़ रही मानसिक बीमारियों के रूप में दिखाई देने लगे है, ऐसे में पूरा विश्व ही आज भारत की तरफ आशा भरी नजरों से देख रहा है कि ऐसे माहौल में केवल भारतीय सनातन संस्कृति ही विश्व को आतंकवाद से मुक्ति दिलाने में सहायक होगी एवं भारतीय आध्यात्मवाद के सहारे मानसिक बीमारियों से मुक्ति भी सम्भव हो सकेगी। इसी कारण से आज विशेष रूप से विकसित देशों यथा- जापान, रूस, अमेरिका, दक्षिणी कोरीया, फ्रान्स, जर्मनी, ब्रिटेन, कनाडा, इंडोनेशिया आदि अन्य देशों की ऐसी कई महान हस्तियां है जो भारतीय सनातन धर्म की ओर रुचि लेकर, इसे अपनाने की ओर लगातार आगे बढ़ रही है। भारत में सनातन धर्म का गौरवशाली इतिहास पूरे विश्व में सबसे पुराना माना जाता है। कहते है कि लगभग 14,000 विक्रम सम्वत् पूर्व भगवान नील वराह ने अवतार लिया था। नील वराह काल के बाद आदि वराह काल और फिर श्वेत वराह काल हुए। इस काल में भगवान वराह ने धरती पर से जल को हटाया और उसे इंसानों के रहने लायक बनाया था। उसके बाद ब्रह्मा ने इंसानों की जाति का विस्तार किया और शिव ने सम्पूर्ण धरती पर धर्म और न्याय का राज्य कायम किया। सभ्यता की शुरुआत यहीं से मानी जाती है। सनातन धर्म की यह कहानी वराह कल्प से ही शुरू होती है। जबकि इससे पहले का इतिहास भी भारतीय पुराणों में दर्ज है जिसे मुख्य 5 कल्पों के माध्यम से बताया गया है। यदि भारत के इतने प्राचीन एवं महान सनातन धर्म के इतिहास पर नजर डालते है तो पता चलता है कि हिन्दू सनातन संस्कृति एवं सनातन वैदिक ज्ञान वैश्विक आधुनिक विज्ञान का आधार रहा है। इसे कई उदाहरणों के माध्यम से, हिन्दू मान्यताओं एवं धार्मिक ग्रंथों का हवाला देते हुए, समय समय पर सिद्ध किया जा चुका है। सनातन वैदिक ज्ञान इतना विकसित था, जिसके मूल का उपयोग कर आज के आधुनिक विज्ञान के नाम पर पश्चिमी देशों द्वारा वैश्विक स्तर पर फैलाया गया है। दरअसल, सैकड़ों सालों के आक्रमणों और गुलामी ने हमें सिर्फ राजनीतिक रूप से ही गुलाम नहीं बनाया गया था बल्कि मानसिक रूप से भी हम गुलामी की जंजीरों में जकड़े गए थे। अंग्रेजों के शासन ने हमें हमारी ही संस्कृति के प्रति हीन भावना से भर दिया था। जबकि हमारे ही ज्ञान का प्रयोग कर वे संसार भर में विजयी होते रहे और नाम कमाते रहे। अब जरूरत है कि हम अपनी इस सांस्कृतिक धरोहर को जाने और इस पर गर्व करना भी सीखें।

इसी क्रम में पूरे विश्व में निवास कर रहे हिन्दू सनातन धर्म के अनुयायियों के लिए हमारे मर्यादा



पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जिनके नाम से आज विश्व में भारत की पहचान होती है, का एक भव्य मंदिर भगवान श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में बनाया जाना शाश्वत प्रेरणा के साथ-साथ एक आवश्यकता भी माना जाना चाहिए। चूंकि बाबर एवं मीर बाकी नामक आक्रांताओं ने भगवान श्रीराम के मंदिर का विध्वंस कर उस स्थान पर एक मस्जिद का निर्माण कर लिया था अतः पुनः इस स्थान को मुक्त कराने हेतु प्रभु श्रीराम के भक्तों को 492 वर्षों तक लम्बा संघर्ष करना पड़ा है। अतीत के 76 संघर्षों में 4 लाख से अधिक रामभक्तों ने बलिदान दिया है एवं लगभग 36 वर्षों के सुसूत्र श्रृंखलाबद्ध अभियानों के फलस्वरूप सम्पूर्ण समाज ने लिंग, जाति, वर्ग, भाषा, सम्प्रदाय, क्षेत्र आदि भेदों से ऊपर उठकर एकात्मभाव से श्रीराम मंदिर के लिए अप्रतिम त्याग और बलिदान किया है। अंततः उक्त बलिदानों के परिणामस्वरूप 9 नवम्बर 1989 को श्रीराम जन्मभूमि पर अनुसूचित समाज के बन्धु श्री कामेश्वर चौपाल ने पूज्य संतों की उपस्थिति में शिलान्यास सम्पनन किया था। परंतु, प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर निर्माण करने हेतु जमीन के स्वामित्व सम्बंधी कानूनी लड़ाई अभी भी समाप्त नहीं हुई थी। इस प्रकार आस्था का यह विषय न्यायालयों की लम्बी प्रक्रिया (सत्र न्यायालय से सर्वोच्च न्यायालय तक) में भी फंस गया था। अंत में, पौराणिक-साक्ष्यों, पुरातात्विक-उत्खनन, राडार तरंगों की फोटो प्रणाली तथा एतिहासिक तथ्यों के आधार पर उच्चतम न्यायालय की 5 सदस्यीय पीठ ने 9 नवम्बर 2019 को सर्व सम्मति से एकमत होकर निणर्य देते हुए कहा 'यह 14000 वर्गफीट भूमि श्रीराम लला की है।' इस प्रकार सत्य की प्रतिष्ठा हुई, तथ्यों और प्रमाणों के साथ श्रद्धा, आस्था और विश्वास की विजय हुई। तत्पश्चात, भारत सरकार ने 5 फरवरी 2020 को 'श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र' नाम से न्यास का गठन कर अधिग्रहीत 70 एकड़ भूमि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र को सौप दी। तदुपरांत 25 मार्च, 2020 को श्री राम लला तिरपाल के मन्दिर से अपने अस्थायी नवीन काष्ठ मंदिर में विराजमान हुए। अंततः 5 अगस्त 2020 को सदियों के स्वपन संकल्प सिद्धि का वह अलौकिक मुहूर्त उपस्थित हुआ। जब पूज्य महंत नृत्य गोपाल दास जी सहित देश भर की विभिनन आध्यात्मिक धाराओं के प्रतिनिधि पूज्य आचार्यों, संतो, एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के परम पूजनीय सर संघचालक डॉ. मोहन भागवत जी के पावन सानिन्ध्य में भारत के जनप्रिय एवं यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने भूमि पूजन कर मंदिर निर्माण का सूत्रपात किया। इस शुभ मुहूर्त में देश के 3000 से भी अधिक पवित्र नदियों एवं तीर्थों का जल, विभिनन जाति, जन जाति, श्रद्धा केंद्रों तथा बलिदानी कार सेवकों के घर से लायी गई रज (मिट्टी) ने सम्पूर्ण भारत वर्ष को आध्यात्मिक रूप से 'भूमि पूजन' में उपस्थित कर दिया था। आज, प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बनकर अब अपनी सम्पूर्णता की ओर तेजी से अग्रसर है और इस विशाल एवं भव्य मंदिर का शुभारम्भ भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी 22 जनवरी 2024 को परम पूज्य संत मंडल एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के परम पूजनीय सर संघचालक श्री मोहन जी भागवत के सानिन्ध्य में करने जा रहे है। भारत में पूज्य संतों ने यह आह्वान किया है कि श्रीराम जन्म भूमि में भव्य मंदिर बनने के साथ साथ जन जन के हृदय मंदिर में श्रीराम एवं उनके नीवन मूल्यों की प्रतिष्ठा भी होनी चाहिए। श्रीराम 14 वर्षों तक नंगे पैर वन वन घूमें। समाज के हर वर्ग तक पहुंचे। उन्होंने वंचित, उपेक्षित समझे जाने वाले लोगों को आत्मीयता से गले लगाया, अपनत्व की अनुभूति कराई, सभी से मित्रता की। जटायु को भी पिता का सम्मान दिया। नारी की उच्च गरिमा को पुनर्स्थापित किया। असुरों का विनाश कर आतंकवाद का समूल नाश किया। राम राज्य में परस्पर प्रेम, सद्भाव, मैत्री, करुणा, दया, ममता, समता, बंधुत्व, आरोग्य, त्रिविधताप विहीन, सर्वसमृद्धि पूर्ण जीवन सर्वत्र था। अतः हम सभी भारतीयों को मिलकर पुनः अपने दृढ़ संकल्प एवं सामूहिक पुरुषार्थ से पुनः एक बार ऐसा ही भारत बनाना है। प्रभु श्रीराम की जन्म स्थली अयोध्या में केवल एक भव्य मंदिर बनाने की परिकल्पना नहीं की गई है बल्कि भव्य मंदिर के साथ-साथ विशाल पुस्तकालय, संग्रहालय, अनुसंधान केंद्र, वेदपाठशाला, यज्ञशाला, सत्संग भवन, धर्मशाला, प्रदर्शनी, आदि को भी विकसित किया जा रहा है, ताकि आज की युवा पीढ़ी को प्रभु श्रीराम के काल पर अनुसंधान करने में आसानी हो। प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर को राष्ट्र मंदिर इसलिए भी कहा जा रहा है क्योंकि यहां आने वाले हर व्यक्ति को यह मंदिर भारतीय सनातन संस्कृति की पहचान कराएगा। पूरे विश्व में यह मंदिर हिन्दू सनातन धर्म में आस्था रखने वाले लोगों के लिए आस्था का केंद्र बनने जा रहा है अतः यहां पूरे विश्व से सैलानियों का लगातार आना बना रहेगा। यह मंदिर पूरे विश्व में हिन्दू धर्मावलंबियों के लिए एक महत्वपूर्ण आस्था का केंद्र बनने के साथ-साथ पर्यटन के एक विशेष केंद्र के रूप में भी विकसित होने जा रहा है, इसलिए प्रभु श्रीराम की कृपा से करोड़ों व्यक्तियों की मनोकामनाओं की पूर्ति के साथ साथ लाखों लोगों को रोजगार के अवसर भी प्रदत्त होंगे।

# शिखर से शून्य की ओर जाता दिख रहा है बसपा का दलित मूवमेंट आंदोलन

**अजय कुमार**

बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने जैसे ही अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी में अपना उत्तराधिकारी घोषित किया, उसके तुरंत बाद मायावती पर भी वंशवाद की राजनीति करने का आरोप लगने लगा है। उनसे पूछा जा रहा है कि मान्यवर कांशीराम के साथ दलित मूवमेंट में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले बसपा नेताओं को बहन जी ने क्या इसी दिन के लिए बाहर का रास्ता दिखाया था, ताकि उनके भतीजे के लिए राजनीति का रास्ता सुगम हो सके? हाल ही में मायावती ने अपने सांसद दानिश अली को भी पार्टी से निलंबित कर दिया है, जो इस समय काफी तेजी के साथ बसपा में अपनी पकड़ बना रहे थे। यह और बात है कि इतना सब होने के बाद भी मायावती ने सार्वजनिक मंच से उत्तराधिकारी घोषित करने की पार्टी की परंपरा को कायम रखा। करीब ढाई दशक पहले मान्यवर कांशीराम ने भी इसी तरह मायावती को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था। उन्होंने भी लखनऊ में एक सभा में मंच से इसका ऐलान किया था। उस समय खासी राजनीतिक हलचल मची थी। कांशीराम के फैसले पर सवाल उठाए गए थे। लेकिन, कांशीराम ने मायावती की प्रतिभा का आकलन करने के बाद उन्हें यह पद देने का ऐलान किया था। इस घोषणा के करीब 6 साल बाद वर्ष 2007 में उत्तर प्रदेश में मायावती पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने में कामयाब हुई थीं, लेकिन मायावती के फैसले ने यूपी की सियासी गर्मी को बढ़ा दिया है। क्योंकि उन्होंने बसपा के किसी नंबर दो के दमदार नेता की बजाय भतीजे आकाश आनंद को अपना उत्तराधिकारी घोषित करना ज्यादा उचित समझा। यही परंपरा मान्यवर कांशीराम निभाते तो आज मायावती बसपा सुप्रीमो नहीं हो पातीं बल्कि उनकी जगह कांशीराम के परिवार का कोई सदस्य इस कुर्सी पर बैठा होता और हो सकता है वही उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री भी होता। हालांकि, मायावती ने बसपा में उत्तराधिकारी घोषित करने की जो पुरानी परंपरा पुरानी है, उसे जीवित जरूर रखा, लेकिन मायावती और मान्यवर कांशीराम के फैसले में जमीन आसमान का अंतर है। यदि ऐसा ना होता तो आज मायावती के भतीजे की जगह कोई और नेता मायावती की सियासी विरासत का उत्तराधिकारी होता। अभी तक मायावती के भतीजे आकाश आनंद सियासत में कुछ ऐसा नहीं कर पाए है, जिसके आधार पर उनकी राजनीतिक कुशलता का एहसास किसी को हुआ हो। गौरतलब है कि मायावती को मान्यवर कांशीराम जब राजनीति में लाए थे तो उसे



समय वह आईएएस की तैयारी कर रहीं थीं। उसी दौरान दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में मायावती को बड़े नेताओं के बीच बोलने का मौका मिला। उन्होंने तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री राज नारायण पर हमला बोला। राजनारायण दलितों को हरिजन कहकर संबोधित कर रहे थे। मायावती ने कहा कि आप हमें हरिजन कहकर अपमानित कर रहे है। कांशीराम ने जब यह बात सुनी तो वह मायावती के घर पहुंच गए। कांशीराम ने आईएएस बनने की बजाय राजनीति में आने के लिए मायावती को प्रेरित किया। कांशीराम ने मायावती को समझाया कि अगर वह राजनीति में सफल हो जाती है तो दर्जनों आईएएस अधिकारी उनके नीचे काम करेंगे। मायावती दलितों के उत्थान के लिए चल रहे संघर्ष के दौर में कांशीराम के साथ जुड़ीं थीं। मायावती 1984 में बसपा का गठन होने के बाद उसमें शामिल हुई और उसी साल पहला लोकसभा चुनाव कैराना से लड़ा। पहली बार 1989 में वह सांसद बनीं। इसके बाद वह चार बार यूपी की मुख्यमंत्री भी रहीं। मान्यवर कांशीराम ने 15 दिसंबर 2001 को मायावती को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था। लखनऊ में एक सभा में कांशीराम ने कहा कि मै काफी समय से यूपी कम आ पा रहा हूं। लेकिन खुशी की बात यह है कि मेरी इस गैरहाजिरी को कुमारी मायावती ने मुझे महसूस नहीं होने दिया। यह कहकर उन्होंने मायावती को अपना उत्तराधिकारी घोषित कर दिया। यह ऐसा वक्त था, जब पार्टी संघर्ष के दौर से गुजर रही थी और 2002 के विधानसभा चुनाव होने वाले थे। कांशीराम के निणर्य से पार्टी के उन नेताओं को झटका लगा था, जिनको मायावती ने पार्टी से बाहर किया गया था। आरके चौधरी और बरखू राम वर्मा पार्टी में यह संदेश दे रहे थे कि मायावती के साथ उनके मतभेदों के बावजूद अब भी वे कांशीराम के पसंदीदा है। मायावती ने उत्तराधिकारी घोषित करने की उस परंपरा को तो आगे बढ़ाया है, लेकिन एक बड़ा अंतर भी है। कांशीराम ने अपने परिवार के किसी सदस्य को आगे नहीं बढ़ाकर एक मिसाल पेश की थी, जबकि मायावती ने अपने सगे भतीजे को यह जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी जानकारों का कहना कि अखिलेश यादव, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और दलितों में लोकप्रिय हो रहे चंद्रशेखर युवा चेहरे के तौर पर आते है। ऐसे में मायावती ने उनके मुकाबले सबसे युवा चेहरे 28 साल के आकाश को उत्तराधिकारी बनाया है। युवाओं में पकड़ बनाकर वह पार्टी को आगे बढ़ा सकते है। खैर, उत्तराधिकारी बनने के बाद आकाश के सामने कई चुनौतियां भी हैं। सबसे बड़ी चुनौती यह है कि मायावती जिस तरह कठिन परिस्थितियों से पार्टी को निकालकर लाई थीं, क्या वह ऐसा करिश्मा कर पाएंगे? यह वह दौर है जब बड़े-बड़े दिग्गज देता प्रधानमंत्री मोदी की शख्सियत के सामने पानी भर रहे है। जातिवाद की राजनीति उतार पर है। ऐसे में युवाओं को जोड़ने के साथ वरिष्ठों के साथ तालमेल बैठाकर कैसे पार्टी को आगे ले जाएंगे? पार्टी ने उनको लगातार बड़ी जिम्मेदारियां दीं, लेकिन अब तक वह कुछ खास चमत्कार नहीं कर पाए है। लोकसभा चुनाव से पहले उन्हें देश भर में संगठन की जिम्मेदारी दी गई है। बेहतर नतीजों के जरिए उत्तराधिकार की जिम्मेदारी पर उन्हें खरा उतरना होगा। अगर वे संगठन पर पकड़ बनाने में मजबूत हुए तो उन्हें भी मायावती की तरह बड़ी सफलता मिल सकती है, मगर समस्या यह भी है कि मायावती इस समय अपनी सियासत के बहुत-बुरे दौर से गुजर रही है। उनकी दलित सियासत उतार पर है।

# अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर से स्थानीय अर्थव्यवस्था को लगेंगे पंख

**प्रह्लाद सबनानी**

अंततः वह घड़ी भी बहुत करीब आ पहुंची है, जिसका इंतजार हिंदू धर्मावलंबी पिछले लगभग 500 वर्षों से कर रहे है। 5 अगस्त 2020 को भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूजनीय संत मंडल एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के परम पूजनीय सर संघचालक मोहन जी भागवत के सानिध्य में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर के निर्माण की आधारशिला रखी थी। अब दिनांक 22 जनवरी 2024 को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही पूज्य संत मंडल एवं परम पूजनीय सर संघचालक मोहन जी भागवत की उपस्थिति में अयोध्या में नव निर्मित प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर का उद्घाटन करने जा रहे है। भारत ही क्या बल्कि पूरे विश्व में ही हिंदू धर्मावलंबी अति उत्साहित हैं एवं पूरे भारत में वातावरण राममय होने जा रहा है।

अयोध्या में निर्माणरत श्रीराम मंदिर पूरे विश्व में निवासरत हिंदू धर्मावलम्बियों के लिए न केवल विशाल आस्था के एक केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है बल्कि यह देश में धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा देगा और इससे भारतीय अर्थव्यवस्था को जबरदस्त लाभ होने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। हाल ही में सम्पनन दीपावली त्यौहार के शुभ अवसर पर अयोध्या में 22.23 लाख दिए जलाए गए थे, यह अपने आप में एक गिनीज विश्व रिकार्ड के रूप में माना जा रहा है। वर्तमान में 2.5 करोड़ पर्यटक प्रतिवर्ष अयोध्या में पहुंचते है। प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण हो जाने के पश्चात पर्यटकों की यह संख्या 10 गुना तक बढ़ सकती है अर्थात 25 करोड़ पर्यटक प्रतिवर्ष अयोध्या में आ सकते है। एक पर्यटक यदि अयोध्या में रहते हुए 2000 रुपए का खर्च भी करता है तो 50,000 करोड़ रुपए का व्यापार अकेले अयोध्या में प्रतिवर्ष होने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। धार्मिक पर्यटन के साथ ही पूरे वर्ष भर कई सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं कई प्रकार के भव्य समारोह भी अयोध्या में आयोजित होने लगेंगे, इससे कुल मिलाकर यह अनुमान लगाया जा रहा है कि प्रतिवर्ष एक लाख करोड़ रुपए का व्यापार केवल अयोध्या में ही होने लगेगा। अयोध्या में होटल और रिजोर्ट का निर्माण करने हेतु 20 प्रस्ताव उत्तर प्रदेश सरकार को प्राप्त हो चुके है, इनमे कई फाइव स्टार होटल भी शामिल है। अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय स्तर का आधारभूत ढांचा एवं अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा भी विकसित किया जा रहा है। अयोध्या रेल्वे स्टेशन को विकसित कर लिया गया है। उक्त वर्णित व्यवस्थाओं के विकसित होने के पश्चात अयोध्या में बढ़ने वाले धार्मिक पर्यटन से लाखों की संख्या में नए रोजगार के अवसर निर्मित होने जा रहे है। प्रतिवर्ष लगभग 25 करोड़ पर्यटकों के अयोध्या पहुंचने से स्थानीय स्तर पर छोटे छोटे व्यवसायियों को भी अपार आर्थिक लाभ होगा। धर्मशाला, होटल, यातायात व्यवस्था, खाद्य सामग्री, फल, फूल आदि अन्य कई प्रकार के पदार्थों की मांग बढ़ेगी, जिसकी आपूर्ति बनाए रखने के लिए कई प्रकार के छोटे छोटे उद्योग धंधे भी अयोध्या के आस पास के गावों में विकसित होंगे। फल, सब्जी, फूल आदि पदार्थों की पैदावार भी ग्रामीण इलाकों में होने



लगेगी जिससे इस क्षेत्र के किसानों को भी भरपूर लाभ होने लगेगा। अपने आप में अयोध्या आस्था के केंद्र के साथ साथ एक वाणिज्यिक केंद्र के रूप में भी विकसित होने जा रहा है। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि प्रभु श्रीराम तो अपने मंदिर में बिराजेंगे ही, साथ ही इस क्षेत्र में निवास कर रहे नागरिकों को भी आर्थिक रूप से अत्यधिक लाभ होने जा रहा है। अयोध्या में पूरे विश्व से पर्यटकों के आने से उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को तो जैसे पंख ही लग जाएंगे। भारत में अयोध्या की तर्ज पर ही अन्य धार्मिक स्थल भी विकसित किए गए है। वाराणसी में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर विकसित किया जा चुका है। गुजरात में सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण किया गया है। पावागढ़ गुजरात में ही मां कालका मंदिर का पुनर्निर्माण किया गया है। उत्तराखंड में केदारनाथ धाम प्रोजेक्ट पर भी कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। उज्जैन में महाकाल कोरिडोर का निर्माण हुआ है। असम में माता कामाख्या कोरिडोर बन रहा है। पूरे भारत में ही धार्मिक स्थलों को विकसित कर देश में धार्मिक एवं क्षेत्रीय पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है। भारत के पर्यटन मंत्रालय के एक अनुमान के अनुसार, वर्ष 2021-22 में भारत में पर्यटन गतिविधियों से 1.34 लाख करोड़ रुपए की आय हुई है, जबकि वर्ष 2020-21 में धार्मिक पर्यटन से 65,000 करोड़ रुपए की आय हुई थी। इस प्रकार भारत में विकसित किए विभिनन धार्मिक स्थलों के कारण पर्यटन की गतिविधियों से आय मात्र एक वर्ष के अंतराल में ही दोगुनी से भी अधिक हो गई है। सेंटर फोर सोशल इम्पैक्ट एंड फिलान्थ्रोपी के अनुसार, वर्ष 2021-22 के दौरान भारत में विभिनन मंदिरों को मिलने वाला घरेलू दान 14 प्रतिशत बढ़कर 27,000 करोड़ रुपए का हो गया है। जबकि, वर्ष 2020-21 में 23,700 करोड़ रुपए का दान विभिनन मंदिरों को प्राप्त हुआ था। विशेष रूप से वाराणसी में काशी विश्वनाथ कोरिडोर के विकसित किए जाने के बाद से काशी विश्वनाथ मंदिर को मिलने वाला दान 500 प्रतिशत बढ़ गया है। वर्ष 2021-22 में काशी विश्वनाथ मंदिर को 100 करोड़ रुपए का दान प्राप्त हुआ था। साथ ही, इस दौरान वाराणसी में धार्मिक पर्यटन भी 1000 प्रतिशत बढ़ गया है। इसी प्रकार, उज्जैन में महाकाल कोरिडोर के विकसित होने के पश्चात बाबा महाकाल मंदिर में धार्मिक पर्यटन 1800 प्रतिशत बढ़ा है। इन धार्मिक स्थलों पर पर्यटन बढ़ने से चूंकि व्यापार बढ़ रहा है अतः इन क्षेत्रों में रोजगार के हजारों नए अवसर भी निर्मित हो रहे हैं। अब तो वृंदावन में भी बांके बिहारी कोरिडोर विकसित किया जा रहा है ताकि श्रद्धालुओं का बांके बिहारी मंदिर में पहुंचना आसान हो सके। विशेष रूप से प्रभु श्रीराम की जन्म स्थली अयोध्या में केवल एक भव्य मंदिर बनाने की परिकल्पना नहीं की गई है बल्कि भव्य मंदिर के साथ साथ विशाल पुस्तकालय, संग्रहालय, अनुसंधान केंद्र, वेदपाठशाला, यज्ञशाला, सत्संग भवन, धर्मशाला, प्रदर्शनी, आदि को भी विकसित किया जा रहा है, ताकि आज की युवा पीढ़ी को प्रभु श्रीराम के काल पर अनुसंधान करने में आसानी हो। प्रभु श्रीराम के मंदिर को राष्ट्र मंदिर भी कहा जा रहा है क्योंकि यहां आने वाले हर व्यक्ति को यह मंदिर भारतीय सनातन संस्कृति की पहचान कराएगा। पूरे विश्व में यह मंदिर हिन्दू सनातन धर्म में आस्था रखने वाले लोगों के लिए आस्था का केंद्र बनने जा रहा है अतः यहां पूरे विश्व से सैलानियों का लगातार आना बना रहेगा। यह मंदिर पूरे विश्व में हिन्दू धर्मावलंबियों के लिए एक महत्वपूर्ण आस्था का केंद्र बनने के साथ साथ पर्यटन के एक विशेष केंद्र के रूप में भी विकसित होने जा रहा है, इसलिए प्रभु श्रीराम की कृपा से करोड़ों व्यक्तियों की मनोकामनाओं की पूर्ति के साथ साथ लाखों लोगों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे।

# काले कपड़े पहनकर तिरुमाला मंदिर पहुंची दीपिका पादुकोण, फाइटर के पहले भगवान का आशीर्वाद



मुम्बई। दीपिका पादुकोण इस पीढ़ी की सबसे मशहूर अभिनेत्रियों में से एक हैं। वह हर अवसर पर चाहे वो शादी की सालगिरह हो या नई फिल्म की रिलीज हो अभिनेत्री आशीर्वाद लेने के लिए तिरुमाला की यात्रा करती है। एक बार फिर से अभिनेत्री भगवान वेंकटेश्वर का आशीर्वाद लेने के लिए अपनी बहन अनीशा के साथ तिरुमाला पहुंचीं। दीपिका पादुकोण के कई वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। वीडियो में, मंदिर के मैदान में कदम रखने से पहले, उन्होंने नंगे पैर चलना चुना।

इसे सिंपल और कंफर्टेबल रखते हुए दोनों बहनों ने लेगिंग्स के साथ पुलओवर पहना था। दीपिका पादुकोण ने पूरी तरह से काले रंग की पोशाक पहनी थी, जबकि अनीशा को नारंगी और काले रंग की पोशाक पहने देखा गया था। निर्माताओं ने फिल्म से फाइटर का पहला गाना शेर खुल गए का अनावरण किया। दीपिका पादुकोण ने गाने का टीज़र सोशल मीडिया पर शेयर किया और कैप्शन में लिखा, 'आइए इस पार्टी की शुरुआत करें! क्षशेरखुलगए गाना कल रिलीज होगा! क्षफाइटर क्षफाइटरऑन25जनवरी!'।

पिछले हफ्ते, आगामी एक्शन फिल्म का पहला टीज़र इसके निर्माताओं द्वारा जारी किया गया था। टीज़र में ऋतिक रोशन, दीपिका पादुकोण और करिश्माई अनिल कपूर की तिकड़ी को दुर्जेय दुश्मनों के खिलाफ अपनी मातृभूमि, भारत के सम्मान की रक्षा के लिए एक साहसी मिशन पर निकलने के लिए एक सामान्य उद्देश्य के साथ एकजुट होते दिखाया गया है। टीज़र हाई-एंड एक्शन दृश्यों के साथ सामने आता है जो शैली के उत्साही लोगों के लिए एक दृश्य दावत होने का वादा करता है।

फाइटर एक आगामी एक्शन फिल्म है, जो सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित और वायाकॉम 18 स्टूडियोज और मार्फ्लिक्स पिक्चर्स द्वारा निर्मित है। फिल्म में ऋतिक रोशन के अलावा दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर भी हैं। फाइटर एक योजनाबद्ध हवाई एक्शन फ्रेंचाइजी में पहली फिल्म के रूप में काम करती है। फाइटर 25 जनवरी 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

# स्कूल के वार्षिक दिवस हेज़ आराध्या बच्चन की बेहतरीन अदाकारी,अमिताभ बच्चन ने पौती की जमकर की तारीफ

मुंबई। स्कूल के वार्षिक दिवस समारोह में अपनी पोती आराध्या बच्चन के प्रदर्शन से गदगद बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन ने कहा है कि यह उनके लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि मंच पर आराध्या का प्रदर्शन बेहद स्वाभाविक था। अमिताभ बच्चन शुक्रवार को धीरूभाई अंबानी



इंटरनेशनल स्कूल में आराध्या के माता-पिता अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय बच्चन के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए थे। अपने ब्लॉग पर 81 वर्षीय अमिताभ ने लिखा कि वह आराध्या के प्रदर्शन से बहुत प्रभावित हुए हैं। उन्होंने शनिवार को लिखा, ''आराध्या के स्कूल कॉन्सर्ट में थोड़ा व्यस्त था। उसने कितना जबरदस्त प्रदर्शन किया। वह हम सभी के लिए गर्व का पल रहा। मंच पर वह छोटी बच्ची कितनी स्वाभाविक थी। खैर, वह अब इतनी छोटी नहीं रही।'' इससे पहले उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया था, ''संतान की उपलब्धियों पर गर्व और खुशी।'' सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो के अनुसार, 12 वर्षीय आराध्या ने 2015 की फिल्म ''डिसेंडेंट्स'' के गाने ''एविल लाइक मी'' पर प्रदर्शन किया था। ऐश्वर्या (50) को भी अपनी बेटी के प्रदर्शन को रिकॉर्ड करते समय आराध्या के लिए उत्साहित होते हुए देखा गया।

# रणबीर कपूर की फिल्म ने भारत में 500 करोड़ रुपये का आंकड़ा किया पार

मुम्बई। रणबीर कपूर और निर्देशक संदीप वांगा रेड्डी की 'एनिमल' सिनेमाघरों में अपने तीसरे सप्ताह में है और सफलतापूर्वक चल रही है। 17 दिनों में, एक्शन ड्रामा ने भारत में 500 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया। वीकेंड के दौरान सिनेमाघरों में फिल्म की कमाई में बढ़ोतरी देखी गई।

फिल्म ने भारत में लगभग 15 करोड़ रुपये कमाए। रणबीर की 'एनिमल' 1 दिसंबर को रिलीज होने के बाद से सिनेमाघरों में शानदार प्रदर्शन



कर रही है।

रणबीर कपूर की 'एनिमल' ने दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर 800 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है और अब यह 1,000 करोड़ रुपये की कमाई की ओर बढ़ रही है। फिल्म को समीक्षकों और दर्शकों से ध्रुवीकरण वाली प्रतिक्रियाएं मिलीं, लेकिन ऐसा लगता है कि इसका प्रदर्शन पर कोई असर नहीं पड़ रहा है।

जैसा कि अनुमान लगाया गया था, 'एनिमल' ने सप्ताहांत के दौरान बॉक्स ऑफिस पर भारी उछाल देखा। अनुमान है कि रविवार 17 दिसंबर को फिल्म ने भारत में करीब 15 करोड़ रुपये की नेट कमाई की है. शाहरुख खान की 'डनकी' और प्रभास की 'सलार' के आने से पहले फिल्म को सिनेमाघरों में अभी एक सप्ताह बाकी है। भारत में अब 17 दिन का कुल कलेक्शन 512.94 करोड़ रुपये हो गया है। 17वें दिन फिल्म ने 24.97 प्रतिशत की ऑक्यूपेंसी दर्ज की।

'एनिमल' का लेखन और निर्देशन संदीप रेड्डी वांगा ने किया है। रणबीर कपूर की मुख्य भूमिका वाली इस फिल्म में अनिल कपूर, बॉबी देओल, रश्मिका मंदाना, तृप्ति डिमरी, शक्ति कपूर और सिद्धांत कार्णिक भी शामिल थे। यह फिल्म एक पिता और बेटे के बीच के उतार-चढ़ाव भरे रिश्ते के बारे में है। रणबीर ने रणविजय की भूमिका निभाई, जो प्रतिशोध से ग्रस्त एक क्रूर व्यक्ति है।

'एनिमल' 1 दिसंबर को कई भाषाओं में सिनेमाघरों में रिलीज हुई। यह 2023 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्मों में से एक है।

# परफेक्ट मिस्ट्री थ्रिलर है पंकज त्रिपाठी की कड़क सिंह, दिग्गज ने की कमाल की एक्टिंग

मुम्बई। पंकज त्रिपाठी, संजना सांघी, पार्वती थिरुवोथु और जया अहसन की कड़क सिंह आखिरकार 5 पर रिलीज़ हो गई है। यह मिस्ट्री थ्रिलर एके श्रीवास्तव (पंकज त्रिपाठी) की कहानी बताती है, जो वित्तीय अपराधों से लड़ने वाले सरकारी विभाग के सबसे प्रतिभाशाली अधिकारियों में से एक है। उसके जीवन में कुछ अप्रत्याशित घटनाओं के कारण, वह प्रतिगामी भूलने की बीमारी के साथ एक अस्पताल में पहुँच जाता है, जहाँ उसे हाल के दिनों में उसके साथ हुई चीजों को याद रखना मुश्किल हो जाता है। वह अपने दैनिक जीवन के पात्रों से मिलता है, जिनमें से प्रत्येक अपनी-अपनी कहानी सुनाता है। जैसे-जैसे वह तथ्य को कल्पना से अलग करने की कोशिश करता है, उसे अपनी स्थिति के पीछे का कारण भी पता चलता है। तो, रहस्य थ्रिलर के बारे में सब कुछ जानने के लिए अंत तक पढ़ें।



कड़क सिंह वित्तीय अपराधों की जांच करने वाले एक सरकारी अधिकारी एके श्रीवास्तव (पंकज त्रिपाठी द्वारा अभिनीत) का अनुसरण करता है। उसका जीवन तब उलट-पुलट हो जाता है जब प्रतिगामी भूलने की बीमारी से उसकी याददाश्त कमजोर हो जाती है।

चीजों को एक साथ जोड़ने के लिए संघर्ष करते हुए, एके अपने बॉस, बेटी (संजना सांघी) और प्रेमिका (जया अहसन) सहित विभिनन्‍ लोगों से अपने जीवन के बारे में कहानियाँ सुनता है, जिसमें यह दावा भी शामिल है कि उसने आत्महत्या का प्रयास क्यों किया होगा। हालाँकि, वह अनिश्चित है कि क्या सच है और वह इस पेचीदा स्थिति में कैसे पहुँच गया।

फिल्म इन परस्पर विरोधी वृत्तांतों के बीच वास्तविक कहानी खोजने पर केंद्रित है। एके के रूप में पंकज त्रिपाठी की भूमिका चरित्र के भ्रम और सत्य की खोज को सरल लेकिन आकर्षक तरीके से दर्शाती है। त्रिपाठी का प्रदर्शन निश्चित रूप से दर्शकों को एके के भ्रम और वास्तविकता को उजागर करने के दृढ़ संकल्प में डाल देता है, क्योंकि अपनी याददाश्त को पुनः प्राप्त करने के प्रयास के साथ-साथ वह अनजाने में एक पोंजी घोटाले को हल करता है। यह फिल्म एके श्रीवास्तव की वित्तीय अपराध विभाग (डीएफयू) के 'सर्वश्रेष्ठ अधिकारी' बनने से लेकर कथित तौर पर आत्महत्या करने तक की एक दिलचस्प यात्रा पेश करती है।

राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार विजेता अनिरुद्ध रॉय चौधरी द्वारा निर्देशित कड़क सिंह एक मनोरम सवारी है जो आपका ध्यान कभी नहीं भटकती। पंकज त्रिपाठी के चरित्र, एके श्रीवास्तव और उनकी कथित आत्महत्या के इर्द-गिर्द केंद्रित कहानी, सहजता से सामने आती है, जो आपको अंत तक बांधे रखती है।

चौधरी का निर्देशन तेज़ और प्रभावी है, जो कहानी को आगे बढ़ाने के लिए सभी कलाकारों का कुशलतापूर्वक उपयोग करता है। पंकज त्रिपाठी का प्रदर्शन चरित्र में गहराई जोड़ता है, कथित आत्महत्या से निर्णायक अंत तक की यात्रा को एक सम्मोहक सिनेमाई अनुभव बनाता है।

एक साफ-सुथरी कहानी और आकर्षक प्रदर्शन के साथ, कड़क सिंह एक ऐसी फिल्म है जो आपको शुरू से अंत तक स्क्रीन से बांधे रखेगी और निश्चित रूप से यह हाल के समय की सर्वश्रेष्ठ रहस्य थ्रिलर में से एक लगेगी।

कड़क सिंह में, शांतनु मोइत्रा की संगीत प्रतिभा चमकती है, खासकर भावनात्मक रूप से गूंजने वाले ट्रैक 'तू जो है' और 'ऐ मेरे दिल' में। फिल्म की कहानी में खूबसूरती से रखे गए ये गाने, मार्मिक भावनात्मक एंकर के रूप में काम करते है। मोइत्रा की रचनाएँ गहरी भावनाएँ जगाती हैं, जो आपके दिल के सबसे गहरे तारों को छूने में सक्षम है।

'तू जो है' और 'ऐ मेरे दिल' न केवल कहानी को पूरक बनाते हैं बल्कि फिल्म के महत्वपूर्ण क्षणों में भावनात्मक गहराई को भी बढ़ाते है। फिल्म के भीतर उनका प्लेसमेंट रणनीतिक है, जो पात्रों और उनकी यात्राओं के प्रति दर्शकों के जुड़ाव को बढ़ाता है।

कुल मिलाकर यह फिल्म पूरी तरह से मनोरंजक है। यह निश्चित रूप से आपकी सीट के किनारे पर रहेगा। कड़क सिंह निश्चित रूप से कभी-कभी आपको भावुक कर देगी, आपको गुदगुदा देगी और बाकी समय आपको मनोरंजक कहानी से रूबरू कराएगी। फिल्म का क्लाइमेक्स अनिरुद्ध रॉय चौधरी के निर्देशन का मुख्य आकर्षण कहा जा सकता है। चूंकि, इसका खुलासा यहां किया जा सकता है, इसलिए यह अत्यधिक अनुशंसा की जाती है कि आप फिल्म को एक बार देखें और पंकज त्रिपाठी की नवीनतम पेशकश का आनंद लें।

## फ्लाइट अटेंडेंट की शर्ट पर बॉबी देओल ने दिया ऑटोग्राफ

मुम्बई। फिल्म एनिमल की अपार सफलता ने अभिनेता बॉबी देओल को उनके करियर के शिकार पर पहुंचा दिया है। पिछले दो हफ्तों से बॉलीवुड गलियारों समेत पूरे देशभर में 'लार्ड बॉबी' का नाम गूंज रहा है। अभिनेता जहाँ भी जा रहे हैं, फैंस में उनके साथ सेल्फी लेने की होड़ लग रही है। इन सब के बीच अभिनेता का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में, अभिनेता एक फ्लाइट अटेंडेंट की शर्ट पर अपना ऑटोग्राफ देते नजर आ रहे हैं। बॉबी का ये ऑटोग्राफ वाला वीडियो सोशल मीडिया पर आग की तरह फैल गया है। फ्लाइट अटेंडेंट गीता छेत्री ने अपने



सोशल मीडिया हैंडल पर ये वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में, बॉबी देओल को उनकी शर्ट पर साइन करते देखा जा सकता है। गीता ने इस वीडियो को एनिमल के हिट गाने 'अर्जन वैल्ली' के साथ शेयर किया है। इसके कैप्शन में फ्लाइट अटेंडेंट ने लिखा, 'बॉबी देओल साइन कर रहे है। इस वीडियो में रणबीर कपूर और रश्मिका मंदाना भी नजर आ रहे है।

## अमिताभ बच्चन ने पोती आराध्या संग रिकॉर्ड किया सॉन्ग

मुंबई। मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने अपनी पोती अराध्या बच्चन के साथ एक नया गाना रिकॉर्ड किया है। अभिनेता ने ट्विटर पर बुधवार रात में एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें वे एक स्टूडियो में गाना रिकॉर्ड करते दिख रहे हैं। उन्होंने लिखा, '' कल सुबहष्ठउत्सव की शुरुआतष्ठ.लेकिन किसलिएष्ठयह भी एक दूसरा दिन और दूसरा साल ही तो हैष्ठ बड़ी बात! इससे अच्छा है कि परिवार के साथ संगीत ही तैयार किया जाए।'' स्टूडियो में नौ साल की अराध्या के साथ उनकी मां व अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन और पिता व अभिनेता अभिषेक बच्चन मौजूद थे। अमिताभ बच्चन ने पोती के साथ की एक तस्वीर इंस्टाग्राम पर भी पोस्ट की है। उन्होंने लिखा, '' जब दादा और पोती स्टूडियो में माइक के सामने हों और संगीत तैयार करें।'' हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि यह गाना किसी फिल्म का है या विशेष प्रोग्राम का हिस्सा है। अमिताभ बच्चन ने कई फिल्मों में गाने गाए है और सबसे पहला गाना उन्होंने 'मेरे पास आओ' (मिस्टर नटवरलाल, 1979) फिल्म में गाया था।

# शाहरुख़ खान बेटी सुहाना के साथ शिरडी साईबाबा मंदिर पहुंचे

मुम्बई। अभिनेता शाहरुख खान बृहस्पतिवार को बेटी सुहाना खान के साथ शिरडी में श्री साईबाबा समाधि मंदिर पहुंचे। शाहरुख, जम्मू के रियासी जिले में वैष्णो देवी मंदिर की यात्रा करने के दो दिन बाद महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के शिरडी शहर में स्थित प्रसिद्ध साई मंदिर गए। शाहरुख और अभिनेत्री सुहाना के साथ अभिनेता की मैनेजर पूजा ददलानी भी थीं। वे मंदिर जाने के दौरान पुलिस और सुरक्षाकर्मियों के घेरे में थे। 'पठान' और 'जवान' जैसी हिट फिल्मों के बाद 'डंकी' शाहरुख की 2023 की तीसरी और साल की आखिरी फिल्म है। राजकुमार हिरानी निर्देशित यह फिल्म



कॉमेडी ड्रामा बताई जा रही है। फिल्म 21 दिसंबर को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने वाली है। सुहाना (23) ने हाल में नेटफ्लिक्स पर आई फिल्म ''द आर्चीज'' से अभिनय के अपने करियर की शुरूआत की है।

## मुंबई में आयुष शर्मा की कार का हुआ एक्सीडेंट नशे में धुत मोटरसाइकिल चालक ने मारी टक्कर

मुम्बई। बी-टाउन से एक चौकाने वाली खबर सामने आयी है। खबरों के मुताबिक, अभिनेता आयुष शर्मा की कार का एक्सीडेंट हो गया है। अच्छी खबर यह है कि एक्सीडेंट के समय अभिनेता कार में



मौजूद नहीं थे। उस समय कार उनका ड्राइवर चला रहा है, जिसे कोई चोट नहीं आई है। पुलिस ने घटना पर तत्काल कार्रवाई की है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, आयुष शर्मा की कार का एक्सीडेंट खार जिमखाना के पास हुआ है। हादसा तब हुआ, जब आयुष का ड्राइवर गैस स्टेशन जा रहा था। नशे में धुत्त एक मोटरसाइकिल चालक ने पीछे से कार को टक्कर मार दी। इसके बाद मोटरसाइकिल चालक ने घटनास्थल से भागने की कोशिश भी की। लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया और उसके खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज की।

# बिग बॉस 17 के घर से होने इस बार होगा सबसे बड़ा निष्कासन सलमान खान इस हफ्ते खानजादी को करेंगे घर से बाहर

मुम्बई। बिग बॉस भारतीय टेलीविजन पर सबसे ज्यादा देखे जाने वाले और पसंद किए जाने वाले रियलिटी शो में से एक है। वीकेंड पर सलमान खान द्वारा होस्ट किया



जाने वाला यह शो पिछले महीने अपने 17वें संस्करण के साथ 17 नए प्रतियोगियों के साथ लौटा है। ऐसा लगता है कि आने वाले वीकेंड का वार में एक सनसनी खेज ईविक्शन होगा। क्योंकि वह दिन और समय होगा जब दो अच्छे प्रतियोगी में से एक प्रतियोगी को शो से बाहर कर दिया जाएगा। इस बार दो प्रतियोगी ऐसे है जो बाहर निकाले जा सकते है नील भट्ट और खानजादी उर्फ फिरोजा खान। और फैन बेस की वजह से खानजादी उर्फ फिरोजा खान इस बार घर से बेघर हो सकती है। यही जानकारी द खबरी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर दी थी, हालांकि उन्होंने सीधे तौर पर खानजादी का नाम नहीं लिया, बल्कि उनके बारे में गुप्त सुराग पोस्ट किया। नेटिज़ेंस ने इस निणर्य पर अपनी निराशा व्यक्त करने के लिए टिप्पणी अनुभाग में बाढ़ ला दी। एक यूजर ने लिखा, खानजादी को कौन कौन मिस करेगा। एक अन्य यूजर ने लिखा, खानजादी सबसे हॉट लगती है। फिरोजा खान, जिन्हें उनके स्टेज नाम खानजादी से जाना जाता है, एक भारतीय रैपर, गायिका और संगीतकार है। उन्होंने अपने रैप गानों और मधुर धुनों से भारतीय संगीत जगत में तहलका मचा दिया है। उन्होंने आजमा ले, जिद्दी और बेगम जैसी हिट फिल्मों से दर्शकों का मन मोह लिया है। फिरोज़ा खान ने 2019 में रियलिटी शो 'एमटीवी हसल 2.0' में अपने टेलीविजन डेब्यू के साथ संगीत जगत में धूम मचा दी। शो में अपने समय के दौरान, उन्होंने 'आज़ादी,' 'नो बाउंड्रीज़,' जैसे गानों के उल्लेखनीय प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। लेडी डॉन,' और 'तराज़ू'। वह सिर्फ टीवी शो तक ही सीमित नहीं है; फिरोज़ा अक्सर लाइव म्यूजिक शो में धमाल मचाती रहती है। दिसंबर 2022 में, उन्होंने नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में पूर्वोत्तर महोत्सव में लाइव गायन प्रदर्शन से भीड़ को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# मनीषा कोइराला को विधु विनोद चोपड़ा ने किया था रिजेक्ट

मुम्बई। '1942: ए लव स्टोरी' का स्क्रीन टेस्ट देखने के बाद विधु विनोद चोपड़ा करीब-करीब फैसला कर चुके थे कि अपनी फिल्म में मनीषा कोइराला की जगह वह किसी और अभिनेत्री को लेंगे। लेकिन कभी न हार मानने वाले अपने जज्बे के कारण मनीषा इस फिल्म का हिस्सा बनीं और आगे की कहानी जगजाहिर है। स्क्रीन टेस्ट में मनीषा के अभिनय को देखकर विधु विनोद चोपड़ा ने उन्हें 'बेहद खराब अभिनेत्री' तक कह दिया था। लेकिन अभिनेत्री ने हार नहीं मानी और चोपड़ा से अनुरोध किया कि वह उन्हें दूसरा मौका दें। साहसी मनीषा अगले दिन पहुंची और उन्होंने फिर से स्क्रीन टेस्ट दिया। उनके अभिनय को देखकर स्तब्ध चोपड़ा कुछ वक्त तक खामोश रहे।

**ऐसे मिली फिल्म '1942: ए लव स्टोरी':** कैंसर को हराकर जिंदगी की जंग जीतने वाली मनीषा कोइराला ने अपनी किताब 'हील्ड: हाउ कैंसर गेव मी ए न्यू लाइफ' में अपने जीवन के ऐसे ही कई किस्सों को याद किया है। किताब में उन्होंने इस वाकये का जिक्र करते हुए लिखा, 'फिर... चोपड़ा ने जो कुछ कहा, वह मानो मेरे कानों में 'संगीत की धुन की तरह'' गूंजा।' उन्होंने कहा, 'मनीषा अगर तुम मेरी फिल्म के हर दृश्य को ऐसे ही दिलोजान से





करने का वादा करो तो मै माधुरी दीक्षित की जगह तुम्हें इस फिल्म के लिये साइन करूंगा। मनीषा कल तुम शून्य थीं, लेकिन आज तुम सौ प्रतिशत हो।

**जब फिल्म के लिए हुई थीं रिजेक्ट:** किताब में उन्होंने लिखा कि फिल्म '1942: ए लव स्टोरी' का स्क्रीन टेस्ट मुझे याद है। जाने माने फिल्मकार विधु विनोद चोपड़ा ने मुझे एक दृश्य करने के लिये बुलाया, लेकिन मेरे खराब अभिनय को देखकर आखिर में उन्होंने कहा कि मनीषा तुम बहुत खराब अभिनेत्री हो। यह मुझे नागवार गुजरा। मेरे अंदर के योद्धा ने मुझे ललकारा। मैंने उनसे गुजारिश की वह मुझे दूसरा मौका दें और 24 घंटे का वक्त दें। मै घर लौटी और पूरे जुनून के साथ अपनी लाइनें दोहराती रहीं। बार-बार...लगातार। मेरी यह हालत देख मेरी मां तक परेशान हो गयीं। वह लिखती हैं, मेरी मां ने तब कहा, 'तुम अपने साथ क्या कर रही हो? अगर यह फिल्म तुम्हें नहीं मिलती तो कोई बात नहीं। इसकी वजह से खुद को तो मत मारो।'

**कैंसर को दी मात और लौटीं:** मनीषा ने कहा कि अगले दिन मैंने अपने अभिनय में जान डाल दी। आखिरकार फिल्म के लिये मुझे साइन कर लिया गया। मनीषा को अंडाशय का कैंसर था। अपनी किताब में उन्होंने कैंसर से अपनी मुश्किल जंग और अमेरिका में इलाज के दिनों का जिक्र किया है कि किस तरह से ओंकोलॉजिस्ट ने उनका ख्याल रखा और कैसे घर लौटने पर उन्होंने अपने जीवन को संजोना शुरू किया।

**पांच का लिया करियर ब्रेक:** नेपाल के प्रसिद्ध कोइराला परिवार में जन्मीं मनीषा ने 1991 में 'सौदागर' से हिंदी फिल्मों में शुरुआत की थी। उन्होंने '1942: ए लव स्टोरी', 'अकेले हम अकेले तुम', 'बॉम्बे', 'खामोशी: द म्युजिकल', 'दिल से', 'मन', 'लज्जा' और 'कंपनी' जैसी फिल्मों में अभिनय किया। 2012 में उन्होंने अभिनय से ब्रेक लिया और पांच साल बाद 'डियर माया' से वापसी की। इसके बाद वह नेटफ्लिक्स पर प्रसारित 'लस्ट स्टोरीज' और संजय दत्त की जीवनी पर बनी फिल्म 'संजू' में दिखीं।

# मुंबई इंडियंस छोड़कर किसी और टीम के लिए खेल सकते हैं रोहित शर्मा? एक बार फिर खुलेगी ट्रेडिंग विंडो

नई दिल्ली (एजेंसी)। आईपीएल ऑक्शन 2024 से पहले मुंबई इंडियंस ने रोहित शर्मा को कप्तानी से हटाकर हार्दिक पंड्या को कप्तानी सौंप कर सबको चौंका दिया। जिसके बाद से लगातार फैंस अपनी नाराजगी जता रहे हैं। कई मुंबई इंडियंस फैंस ने फ्रेंचाइजी को सोशल मीडिया से अनफॉलो कर दिया है। तो कुछ फैंस कह रहे हैं कि, रोहित शर्मा को किसी और टीम में चले जाना चाहिए। लेकिन ट्रेडिंग विंडो 12 दिसंबर को ही बंद हो गई जबकि मुंबई ने अपने नए कप्तान की घोषणा इसके बाद की। वहीं अगर हम ये कहें कि ये संभव है कि रोहित शर्मा आगामी आईपीएल सीजन में किसी और टीम के लिए खेलते दिखें, क्योंकि एक बार ट्रेडिंग विंडो खुलने जा रही है।



दरअसल, दुबई में आईपीएल ऑक्शन 2024 होने जा रहा है। इसके एक दिन बाद यानी 20 दिसंबर को ट्रेडिंग विंडो एक बार फिर खुल जाएगी। तो संभव है कि रोहित शर्मा किसी और टीम में ट्रेडिंग के जरिए चले जाएं।

रोहित शर्मा की कप्तानी में 2013 में मुंबई इंडियंस पहली बार चैंपियन बनी थी। उसके बाद 2023 तक उन्होंने टीम को 5 बार चैंपियन बनाया। 2024 आईपीएल सीजन से पहले मुंबई ने अपना कप्तान बदला और रोहित शर्मा की जगह हार्दिक पंड्या को चुना, जिन्हे वह ट्रेडिंग के जरिए गुजरात टाइटंस से लाई। इससे फैंस खासा नाराज हैं और कुछ ऐसे संकेत भी है कि जिससे लगता है कि रोहित शर्मा इस फैसले से खुश नहीं हैं और मुंबई इंडियंस कैंप में कुछ ठीक नहीं है।

रोहित शर्मा को कप्तानी पद से हटाने के बाद फैंस कई कयास लगा रहे हैं। वहीं कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि आईपीएल ट्रे.ड्रिंग जब खुली थी तब दिल्ली कैपिटल्स ने रोहित शर्मा को ट्रेडिंग के जरिए अपने स्क्वॉड में शामिल करने की इच्छा जताई थी लेकिन मुंबई इंडियंस इसके लिए तैयार नहीं था।

# सिराज का समर्थन करने के लिए अधिक गेंदबाजी विकल्प हासिल करना प्राथमिकताः आरसीबी क्रिकेट निदेशक

नई दिल्ली। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के क्रिकेट निदेशक मो बोबट ने सोमवार को कहा कि आगामी आईपीएल नीलामी में तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज का समर्थन करने के लिए अधिक गेंदबाजी विकल्प हासिल करना टीम की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। आरसीबी ने स्टार बल्लेबाज विराट कोहली, कप्तान फाफ डु प्लेसिस, ग्लेन मैक्सवेल और सिराज समेत 18 खिलाडि.यों को रिटेन (टीम में बरकरार)किया है और 11 खिलाडि.यों को रिलीज (टीम से बाहर) कर दिया है। जिन खिलाडि.यों को रिलीज किया गया है उनमें मध्यम तेज गेंदबाज हर्षल पटेल, श्रीलंका के लेग स्पिनर वानिंदु हसरंगा और ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की तिकड़ी शामिल है। बोबाट ने यहां जारी मीडिया विज्ञप्ति में कहा, " हम जो करते है मोहम्मद सिराज उसका मुख्य हिस्सा है। हमारे लिए सिराज का समर्थन करने के लिए गेंदबाजी विदेशी गेंदबाज सहित कुछ और गेंदबाजी विकल्पों को टीम में शामिल करना एक वास्तविक प्राथमिकता होगी।" उन्होंने कहा, " हमारे पास स्थानीय स्पिनरों का एक समूह है, जो मुझे लगता है कि काफी



मजबूत है। उनमें से कुछ को पिछले एक या दो वर्षों में सीमित अवसर मिले है और वे आगे चलकर अधिक बड़ी भूमिका निभा सकते है।" शीर्ष क्रम में दिग्गज बल्लेबाजों से सजी आरसीबी ने अपने मध्य क्रम को मजबूत करने के लिए ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन को मुंबई इंडियंस से 17.5 करोड़ रुपये में खरीदा।

बोबाट ने कहा, " हमारे पास मुख्य खिलाडि.यों का एक मजबूत समूह है। टीम का शीर्ष क्रम काफी मजबूत है।खिलाडि.यों को रिलीज करने का हमारा फैसला का एक हिस्सा मध्य क्रम को मजबूत करने की कोशिश करना था। कैमरून ग्रीन को टीम में लाना एक शानदार था कदम है।" आरसीबी के पास 40.75 करोड़ रुपये का पर्स है और खिलाडि.यों को साइन करने के लिए कुल सात स्लॉट उपलब्ध है।

# आरसीबी के डायरेक्टर ने किया अपने प्लान का खुलासा, बताया क्या रहेगी रणनीति





नई दिल्ली। आईपीएल 2024 नीलामी को अब महज कुछ ही घंटे शेष रह गए है। इसके लिए सभी फ्रेंचाइजियों ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस बीच आरसीबी के डायरेक्टर ने ऑक्शन के लिए अपने प्लान का खुलासा किया है।

दरअसल, आरसीबी के डायरेक्टर मो बोबाट ने आरसीबी इनोवेशन लैब लीडर मीट इंडिया के दौरान कहा कि, हमारे पास खिलाडि.यों को बनाए रखने का एक मजबूत केंद्र है और हमारे पास मजबूत टॉप क्रम भी है। हमारा खिलाडि.यों को रिलीज करने का फैसला मध्यक्रम को मजबूत बनाने का एक हिस्सा था।

आरसीबी ने हाल ही में ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन को 17.5 करोड़ रुपयों की ट्रेड में अपने स्क्वॉड में शामिल किया था। आरसीबी के डायरेक्टर ने इस ट्रेड पर बताते हुए कहा कि कैमरून ग्रीन को आरसीबी से जोड़ना एक शानदार कदम था।

वहीं आईपीएल 2024 ऑक्शन में आरसीबी अपने पेस अटैक को मजबूत करने पर जोर देगी। इसका खुलासा भी खुद मो बोबाट ने ही किया है। उन्होंने कहा कि हम जो करते है, मोहम्मद सिराज उसका मुख्य हिस्सा हैं। विदेशी गेदंबाजों सहित कुछ और गेंदबाजी विकल्पों समेत सिराज का समर्थन करना हमारी प्राथमिकता रहेगी।

बोबाट ने कहा कि स्वभाविक रूप से क्रिकेट आकर्षित होता है। तेज गेंदबाजों के नियंत्रण और पार्श्व गति जैसी चीजों की ओर ध्यान देंगे लेकिन हमें जो करना चाहिए वह उन खिलाडि.यों की पहचान करना है जिनके पास गति और संतुलन हो।

वहीं बता दें कि, आरसीबी ने इन खिलाडि.यों को ट्रेड किया है। जिनमें सनराइजर्स हैदराबाद से मयंक डागर, मुंबई इंडियंस से कैमरून ग्रीन जैसे खिलाड़ी हैं।

फिलहाल, नीलामी के लिए आरसीबी के पर्स में 23.25 करोड़ रुपये शेष है। जिसमें उसे अपनी 6 खाली स्लॉट को भरना है। इनमें 3 विदेशी खिलाड़ी भी शामिल हैं।

# आईपीएल नीलामी 2024: सभी 10 टीमों की संभावित रणनीति, डालें एक नजर

मुम्बई। इंडियन प्रीमियर लीग के सीजन 2024 की नीलामी भारत के प्रतिभाशाली खिलाडि.यों के कम विकल्प के कारण काफी दिलचस्प होगी। नियमित नीलामी में बोली हासिल करने की कम संभावने वाले खिलाड़ी भी इसमें कई बार बड़ी रकम हासिल कर लेते है। इस नीलामी में टीमों की संभावित रणनीति पर डालते है एक नजर। **1. चेन्नई सुपर किंग्सः** बाकी रकम 31.4 करोड़ रुपये संभावित खिलाड़ीः शारदुल ठाकुर, मनीष पांडे, जोश हेजलवुड शारदुल ठाकुर पहले भी इस टीम के साथ थे। यह अनुभवी भारतीय खिलाड़ी आखिरी ओवरों में गेंदबाजी करने के साथ निचले क्रम पर बल्लेबाजी भी कर सकता है। शारदुल के लिए चेनन्ई की टीम 10 करोड़ रुपये और उससे अधिक की बोली लगा सकती है। टीम अंबाती रायुडु की जगह लेने के लिए किसी अनुभवी भारतीय बल्लेबाज के नाम पर भी विचार करेंगी और ऐसे में मनीष पांडे का विकल्प होगा। नीलामी रोस्टर में अनुभवी भारतीय बल्लेबाजों की संख्या कम है। टीम अगर तेज गेंदबाजी विभाग को मजबूत करना चाहेगी तो जोश हेजलवुड एक विकल्प है। **2. दिल्ली कैपिटल्सः** रकम बाकी 28.95 करोड़ रुपये संभावित खिलाड़ीः प्रियांश आर्य, हर्षल पटेल, शारदुल ठाकुर, जोस इंग्लिस, वानिंदु हसरंगा दिल्ली कैपिटल्स की सबसे कमजोर कड़ी भारतीय बल्लेबाजों की कमी है। सैयद मुश्ताक अली टी20 में दिल्ली के सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य ने प्रभावित किया ऐसे में टीम उनके नाम पर बोली लगा सकती है। फ्रेंचाइजी की नजरें समीर रिजवी और स्वास्तिक चिकारा पर भी होगी। इन दोनों खिलाडि.यों ने यूपी प्रीमियर लीग में शानदार प्रदर्शन किया था। दिल्ली कैपिटल्स के घरेलू मैदान फिरोजशाह कोटला की पिच पर हर्षल पटेल और वानिंदु हसरंगा जैसे गेंदबाज काफी कारगार हो सकते है। **3. गुजरात टाइटंसः** रकम बाकी 38.15 करोड़ रुपये संभावित खिलाड़ी : शारदुल ठाकुर, रचिन रविंद्र, डेरिल मिशेल, अजमतुल्लाह उमरजई। टीम के प्रशंसक भी इस बात को मानेंगे कि हार्दिक पंड्या का फिलहाल कोई विकल्प मिलना मुश्किल है। शारदुल ठाकुर उस कमी को सीमित हद तक पूरा कर सकते हैं। रचिन रविंद्र एक विकल्प हो सकते है लेकिन रिद्धिमान साहा, शुभमन गिल और बी साई सुदर्शन बल्लेबाजी क्रम में पहले तीन स्थान लेंगे। **4. कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर):** रकम बाकी 32.70 करोड़ रुपये संभावित खिलाड़ी : मिचेल स्टार्क, पैट कमिंस, रचिन रविंद्र, हर्षल पटेल। केकेआर को अच्छे तेज गेंदबाजों की जरूरत है। फ्रेंचाइजी ऑस्ट्रेलिया के मिशेल स्टार्क, पैट कमिंस या जोश हेजलवुड में किसी एक के साथ-साथ हर्षल पटेल के लिए बोली लगा सकती है। **5. लखनऊ सुपर जायंट्सः** रकम बाकी 13.15 करोड़ रुपये संभावित



खिलाड़ीः गेराल्ड कोएत्जी, दिलशान मदुशंका, आशुतोष शर्मा लखनऊ की टीम मार्क वुड का साथ देने के लिए एक और बेहतरीन तेज गेंदबाजी विकल्प पर विचार करेगी। स्टार्क, हेजलवुड और दक्षिण अफ्रीका के गेराल्ड कोएत्जी तीन ऐसे विकल्प है जिस पर यह टीम अपना दांव चल सकती है। अनकैप्ड (अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेलने वाले) भारतीय बल्लेबाजों में रेलवे के आशुतोष शर्मा है, जिन्होंने सैयद मुश्ताक अली टी20 में 12 गेंदों में 50 रन बनाए। **6. मुंबई इंडियन्सः** रकम बाकी 17.75 करोड़ रुपये संभावित खिलाड़ीः हसरंगा, मानव सुथार, आशुतोष शर्मा, दर्शन मिसल फ्रेंचाइजी के पास बहुत अधिक रकम नहीं है, लेकिन वह अनकैप्ड भारतीय खिलाडि.यों के मामले में बाएं हाथ के स्पिनर मानव सुथार के लिए बोली लगा सकती है। सुथार उनके प्रतिभा विकास टीम का भी हिस्सा थे और उन्होंने हाल के दिनों में प्रभावी प्रदर्शन किया है। विदेशी स्पिनरों की बात करें तो वानिंदु हसरंगा उनके निशाने पर होंगे। **7. सनराइजर्स हैदराबादः** रकम बाकी 34 करोड़ रूपये संभावित खिलाड़ी : टीम को हर विभाग में बेहतर खिलाडि.यों की जरूरत नीलामी में बहुत सारे भारतीय खिलाड़ी नहीं होने के कारण शारदुल और हर्षल भी उनकी पसंद हो सकते हैं और वे इनके लिए बड़ी बोली लगा सकते है। टीम को कम से कम एक अच्छे विदेशी तेज गेंदबाज और एक शीर्ष क्रम के अनुभवी भारतीय बल्लेबाज की आवश्यकता होगी। **8. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी):** रकम बाकी 23.25 करोड़ रुपये संभावित खिलाड़ीः स्टार्क, कमिंस, मानव सुथार हर्षल पटेल को बाहर करने के बाद टीम किसी विदेशी तेज गेंदबाज पर नजर रखेगी। मो बोबाट के टीम निदेशक बनने से कमिंस, हेजलवुड और स्टार्क के अलावा इंग्लैंड के गस एटकिंसन और रीस टोपले के लिए भी बोली लग सकती है। **9 . पंजाब किंग्सः** रकम बाकी 29.10 करोड़ रुपये संभावित खिलाड़ीः शारदुल, हर्षल, रचिन रवींद्र पंजाब किंग्स के पास विदेशी खिलाडि.यों के लिए दो जगह है और रचिन रविंद्र एक संभावित विकल्प हो सकते हैं। टीम को हालांकि एक अनुभवी भारतीय तेज गेंदबाज की आवश्यकता है और उनके पास तीन विकल्प हर्षल, शारदुल और उमेश यादव हैं। **10. राजस्थान रॉयल्सः** रकम बाकी 14.50 करोड़ रुपये संभावित खिलाड़ीः समीर रिजवी, स्वास्तिक चिक्कारा, आशुतोष शर्मा, अभिमन्यु सिंह, सौरभ चौहान जैसे युवा भारतीय बल्लेबाज इस फ्रेंचाइजी ने घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करने वाले भारतीय बल्लेबाजों पर अकसर भरोसा जताया है। सैयद मुश्ताक अली टी20, टीएनपीएल, यूपी प्रीमियर लीग में दमखम दिखाने वाले खिलाडि.यों पर टीम की नजर होगी।

## आईपीएल 2024 की नीलामी, जानें टेलीकास्ट और खिलाड़ियों से जुड़ी पूरी जानकारी

मुम्बई। इंडियन प्रीमियर लीग के 2024 सीजन के लिए खिलाडि.यों की बोली कल यानी मंगलवार 19 दिसंबर को होगी। ये पहली बार होगा जब आईपीएल में खिलाडि.यों की नीलामी देश से बाहर यानी विदेश में होगी। दुबई में इस एरिना हाई प्रोफाइल इवेंट का आयोजन होगा। बीसीसीआई ने उन 333 खिलाडि.यों के नाम शेयर किए है जो आईपीएल की मिनी ऑक्शन में शामिल होंगे। 10 टीमों के बीच 77 स्लॉट खाली है। इसका मतलब ये है कि 333 में से 77 खिलाड़ी नीलाम होंगे जिनमें से 30 विदेशी रहेंगे। आईपीएल 2024 सीजन के लिए नीलामी भारतीय समयानुसार दोपहर 1 बजे से शुरू होगी। आईपीएल 2024 नीलामी की लाइव स्ट्रीमिंग जियो सिनेमा पर उपलब्ध



होगी। जबकि स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क अपने कई चैनलों पर इस कार्यक्रम का प्रसारण करेगा। वहीं इस बार नीलामी में कुल कितने खिलाड़ी उपलब्ध रहेंगे? कुल 333 खिलाडि.यों की नीलामी होगी जिनमें 214 भारतीय और 119 विदेश खिलाड़ी शामिल हैं। एक टीम ज्यादा से ज्यादा कितने खिलाड़ी रख सकती है? हर आईपीएल टीम ज्यादा से ज्यादा 25 सदस्य और न्यूनतम 18 सदस्य हो सकते है। हर टीम में अधिकतम आठ विदेशी खिलाड़ी हो सकते है। रिटेन किए गए खिलाड़ी की संख्या कितनी है और आईपीएल 2024 की नीलामी में टीमों के लिए शेष राशि कितनी है? आईपीएल की 10 टीमों ने कुल मिलाकर 173 खिलाडि.यों को रिटेन किया है, जिनमें 50 विदेशी क्रिकेटर हैं। सीएसके, लखनऊ सुपर जायंट्स और सनराइजर्स हैदराबाद ने सबसे ज्यादा 19 खिलाडि.यों को रिटेन किया है। आईपीएल 2024 के लिए ऑक्शन कौन होगा? आईपीएल 2024 के लिए ऑक्शन मल्लिका सागर होंगी। ये आईपीएल इतिहास में पहली बार होगा जब कोई महिला ऑक्शनर द्वारा नीलामी आयोजित की जाएगी।

टीमों के पर्स में कितना बकाया?
सीएसके-31.4 करोड़ रुपये
डीसी-28.95 करोड़ रुपये
जीटी- 23.15 करोड़ रुपये
केकेआर- 32.7 करोड़ रुपये
एलएसजी-13.9 करोड़ रुपये
मुंबई इंडियंस-15.25 करोड़ रुपये
पीबीकेएस-29.1 करोड़ रुपये
आरसीबी-40.75 करोड़ रुपये
आरआर-14.5 करोड़ रुपये
एसआरएच-34 करोड़ रुपये

# मुंबई इंडियंस में नई सोच लेकर आएंगे हार्दिक, बल्लेबाजी में कम योगदान दे रहे थे रोहित शर्मा : सुनील गावस्कर

मुम्बई। अपने जमाने के दिग्गज भारतीय बल्लेबाज सुनील गावस्कर का मानना है कि मुंबई इंडियंस के नवनियुक्त कप्तान हार्दिक पंड्या इस टीम में नई सोच लेकर आएंगे, क्योंकि रोहित थके हुए नजर आ रहे थे और पिछले कुछ वर्षों से उन्होंने बल्लेबाजी में पर्याप्त योगदान नहीं दिया।

भारत की टी20 टीम के कप्तान हार्दिक को मुंबई इंडियंस ने दुबई में मंगलवार को होने वाली आईपीएल नीलामी से पहले अपनी टीम से जोड़ा। मुंबई ने बाद में उन्हें अपना नया कप्तान नियुक्त किया। रोहित और चेनन्ई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी आईपीएल के सबसे सफल कप्तानों में शामिल है। इन दोनों की अगुवाई में उनकी टीम ने पांच-पांच खिताब जीते है। मुंबई इंडियंस हालांकि 2021 के बाद खिताब नहीं जीत पाया और 2022 में वह अंतिम स्थान पर रहा था।

गावस्कर ने कहा कि ऐसा रोहित के थके हुए होने के कारण हो सकता है क्योंकि वह लगातार सिर्फ आईपीएल टीम ही नहीं बल्कि भारत के कप्तान की भूमिका भी निभा रहे थे। गावस्कर ने स्टार स्पोर्टस से कहा," हमें इसे (हार्दिक को मुंबई इंडियंस का कप्तान बनाना) सही या गलत के रूप में नहीं देखना है। उन्होंने यह फैसला टीम के फायदे के लिए लिया है। हम कह सकते है कि रोहित का यहां तक कि बल्लेबाजी में भी योगदान थोड़ा कम हो गया है।"

उन्होंने कहा,"इससे पहले





रोहित बल्लेबाजी में काफी योगदान देते थे लेकिन पिछले कुछ वर्षों में वे नौवें या दसवें नंबर पर रहे है। पिछली बार उन्होंने प्लेऑफ में जगह बनाई, लेकिन मुंबई इंडियंस में जो जोश पहले दिखाई देता था वैसा नहीं दिखाई दिया।" गावस्कर ने कहा,"ऐसा इसलिए हो सकता है क्योंकि वह (रोहित) लगातार क्रिकेट खेलता रहा है जिससे वह थक गए होंगे। वह लगातार भारतीय टीम और फिर मुंबई इंडियंस की कप्तानी कर रहे थे।"

हार्दिक की अगुवाई में गुजरात टाइटंस ने 2022 में अपने पदार्पण सत्र में ही खिताब जीता था जबकि इस साल उसकी टीम उप विजेता रही थी। क्रिकेटर से कमेंटेटर बने गावस्कर का मानना है की हार्दिक ने गुजरात की टीम के साथ खुद को साबित किया है और मुंबई इंडियंस में उनकी वापसी से टीम में नई सोच जुड़ेगी। उन्होंने कहा," मुंबई ने यह फैसला कर लिया है। वह कप्तानी के मामले में युवा खिलाड़ी है जो गुजरात टाइटंस को दो बार फाइनल में पहुंचाकर और एक बार खिताब दिलाकर खुद को साबित कर चुका है।"

गावस्कर ने कहा,"उन्होंने इसी सोच के साथ उसे कप्तान बनाया है, क्योंकि कई बार आपको नई सोच की जरूरत पड़ती है और वह टीम में नई सोच जोड़ सकता है। मुझे लगता है जो फैसला किया गया उससे मुंबई इंडियंस को नुकसान नहीं फायदा ही होगा।

## पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले के लिए भारत ने की टीम की घोषणा

नयी दिल्ली। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ तीन और चार फरवरी को इस्लामाबाद में होने वाले डेविस कप विश्व ग्रुप एक प्लेऑफ मुकाबले के लिए शनिवार को छह सदस्यीय टीम घोषित की। रामकुमार रामनाथन, एन श्रीराम बालाजी, युकी भांबरी, निकी कालियांदा पूनाचा, साकेत माइनेनी और दिग्विजय प्रताप सिंह को टीम में शामिल किया गया है। दिग्विजय प्रताप सिंह रिजर्व खिलाड़ी है। रामनाथन और पूनाचा एकल मैच खेल सकते है जबकि युकी, बालाजी और माइनेनी में से किन्हीं दो को युगल मैच के लिए चुना जा सकता है। रोहित राजपाल टीम के गैर खिलाड़ी कप्तान होंगे जबकि जीशान अली कोच की भूमिका निभाएंगे। अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) ने विज्ञप्ति में बताया कि चयन समिति की बैठक की अध्यक्षता नंदन बल ने की तथा समिति के अन्य सदस्य बलराम सिंह, मुस्तफा घोष, साई जयलक्ष्मी, राजपाल, जीशान और सचिव अनिल धूपर भी इसमें उपस्थित थे। भारत ने इससे पहले आखिरी बार 1964 में पाकिस्तान का दौरा किया था और तब उसने 4-0 से जीत दर्ज की थी। भारत अभी तक पाकिस्तान से कभी नहीं हारा है। उसने पाकिस्तान के खिलाफ सभी आठ मुकाबले जीते है। भारत और पाकिस्तान के बीच आखिरी मुकाबला 2019 में तटस्थ स्थल पर खेला गया था। भारत ने इस मुकाबले में भी 4-0 से जीत हासिल की थी।

# मैनचेस्टर यूनाइटेड ने लिवरपूल को ड्रॉ पर रोका, आर्सेलन तालिका में फिर से शीर्ष पर

मास्को। मैनचेस्टर यूनाइटेड ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल में लिवरपूल को गोलरहित ड्रॉ पर रोक दिया जबकि आर्सेनल ने रविवार को ब्रिगटन को 2-0 से शिकस्त दी। लिवरपूल इस ड्रॉ मुकाबले बाद तालिका में दूसरे स्थान पर खिसक गया जबकि आर्सेनल एक बार फिर



से शीर्ष पर काबिज हो गया।

आर्सेनल और लिवरपूल के नाम मौजूदा सत्र में 17-17 मैचों में क्रमशः 39 और 38 अंक है। मैनचेस्टर यूनाइटेड को लिवरपूल ने इस साल मार्च में 0-7 के बड़े अंतर से हराया था लेकिन नये कोच एरिक टेन हैग की देख रेख में टीम ने अपने प्रदर्शन के स्तर को ऊंचा करते हुए एक भी गोल करने का मौका नहीं दिया। आर्सेनल ने दूसरे हाफ में गैब्रियल जेसुस और काइ हैवट्र्ज के गोल से पर ब्रिगटन को शिकस्त दी।

तालिका में तीसरे स्थान पर काबिज एस्टन विला ने ने ब्रेंटफोर्ड को 2-1 से हराया। विला की टीम पहले हाफ के आखिरी क्षण में कीन लुईस-पॉटर के गोल के बाद 0-1 से पिछड़ रही थी लेकिन एलेक्स मोरेनो और ओली वाटकिंस ने दूसरे हाफ में गोल कर टीम को जीत दिला दी। ब्रेंटफोर्ड के बेन मी को 71वें मिनट में रेड कार्ड दिखाया गया जिसके बाद टीम को 10 खिलाडि.यों के साथ मैच खेलना पड़ा। मोहम्मद कुदुस के दो गोल के दम पर वेस्ट हैम ने वोल्व्स को 3-0 से हराया। कुदुस ने 10 मिनट के अंदर दो गोल किये। टीम के एक और गोल डेविड मोयेस ने किया।

# दाऊद इब्राहिम के कारण बढ़ गई पूर्व पाकिस्तानी खिलाड़ी की मुश्किल, घर में होना पड़ा नजरबंद

नई दिल्ली। भारत का मोस्ट वांटेड डॉन दाऊद इब्राहिम इस समय कड़ी सुरुक्षा के बीच कराची अस्पताल में भर्ती है, मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार किसी अज्ञात ने दाऊद को जहर दे दिया है। इस घटना के बाद पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर जावेद मियांदाद को उनके परिवार के साथ घर में नजबंद रखा गया है। बता दें कि, जावेद मियांदाद दाऊद इब्राहिम का करीबी रिश्तेदार है। दाऊद इब्राहिम की बेटी की शादी मियांदाद के बेटे के साथ हो रखी है।

पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स से पता चला है कि पूर्व क्रिकेटर को उनके पूरे परिवार के साथ घर में नजरबंद रखा गया है। रिपोर्ट्स से पता चलता है कि पाकिस्तानी अधिाकारियों ने एहतियात के तौर पर जावेद मियांदाद और उनके परिवार को घर में नजरंबद रखा है।

बता दें कि, कई पाकिस्तान मीडिया रिपोर्ट्स और पत्रकारों का दावा है कि दाऊद इब्राहिम को अज्ञात लोगों ने दो दिनों तक





जहर दिया था और उसके बाद उसे कराची के एक अस्पताल में भर्तीय कराया गया था। 1993 के मुंबई बम धमाकों का मुख्य आरोपी दाऊद कड़ी सुरक्षा में इलाज करा रहा है। फिलहाल दाऊद की हालात गंभीर बनी हुई है और उसके लिए एक पूरी मंजिल को सील कर दिया गया है। गौरतलब है कि, कई इंटरनेशनल मैच के दौरान स्टेडियम में नजर आने वाले दाऊद इब्राहिम की बड़ी बेटी माहरुख इब्राहिम की शादी पाकिस्तानी क्रिकेटर जावेद मियांदाद के बेटे जुनैद के साथ 2006 में हुई थी। इस नाते दोनों एक दूसरे के समधी है। 26 दिसंबर 1955 को बॉम्बे में जन्में दाऊद इब्राहिम को 1993 मुबंई बम धमाके का मास्टरमाइंड माना जाता है।



# अतिथि के नाम पर रन्नौद संकुल में हो रहा फर्जी बड़ा




**संवाददाता प्रदीप जैन (पिंटू) रन्नौद**

रन्नौद संकुल केंद्र के सभी स्कूलों में नियुक्त अतिथि शिक्षको की नियुक्ति प्रक्रिया में कितनी पारदर्शिता बरती गई है इसकी जांच होना चाहिए विश्वस्थ सूत्रों से जानकारी मिली है अतिथि शिक्षको की नियुक्ति में परिवार बाद भाई भतीजावाद और कहीं कहीं बगैर विषय के भी अतिथि रखने की जानकारी मिली है ऐसा ही मामला ग्राम अकाझिरि में है जहा जिस स्कूल में पिता प्रिंसिपल तो बेटा अतिथि है और जो अतिथि पूर्व पैनल में था उसे हटाकर दूसरे को लगा दिया गया जो की यह नियम के विरोध है यह जांच का विषय है

### नाबलिकी मैं पड़ोसी ने 5 लाख रुपये मैं बेच दिया , अब कर रहा हैं पति प्रताड़ित

# अब साथ रखने को नही हैं तैयार देता जान से मारने की दे रहा धमकी

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** खबर शिवपुरी के पुलिस अधीक्षक कार्यालय से है जहाँ संदीप कौर पत्नी साहब सिंह पुत्री कोमल निवासी ग्राम मनपुरा ने बताया की बचपन मैं ही उसके माता पिता का देहांत हो गया था इस कारण वह बचपन से अपने नाना नानी के यहां मनपुरा में निवास कर रही थी जब संदीप की आयु करीब 16 वर्ष की थी तभी मनपुरा की गुड्डी यादव जो कि पड़ोस में रहती थी उनके द्वारा संदीप की शादी 7 साल पूर्व साहब सिंह पुत्र बलबीर निवासी दर्शन कालोनी चीनोर रोड डबरा के साथ गुरुद्वारा से करायी गयी थी। शादी के बाद से ही मेरे पति साहब सिंह द्वारा आये दिन शराब पीकर मारपीट की जाने लगी तथा मुझे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा मेरे माता पिता न होने व अपना दामपत्य जीवन बचाने के लिये सब कुछ सहन करती रही बही पति साहब सिंह मुझ से कहता था कि मैने तुझे गुड्डी यादव पत्नी कल्लू यादव को पैसा देकर खरीदा है। इसी बीच मेरे दो बच्चे जिसमे एक लड़का लबजोत आयु 5 साल तथा लड़की जेसमिन कौर आयु 6 साल पैदा हुयेअभी हाल ही 19.10.2023 की है जब पति साहब सिंह द्वारा मेरी बुरी तरह लात घूसो थप्पड़ो से मारपीट की गयी और घर से निकाल दिया तब मैंने उक्त घटना की शिकायत डबरा थाना पर की



तो मारपीट की रिपोर्ट लिख ली और अपने नाना नानी के यहां मनपुरा आकर रहने लगी है तथा कभी कभी अपने मौसा मौसी के यहाँ दिनारा में भी निवास करती रही तभी मैन अपने बच्चो को लेने के लिये पुनः थानाप्रभारी महोदय डबरा को आवेदन दिया तो वहां से मेरा लड़का मुझे दिला दिया गया किन्तु लड़की को नहीं दिया। अब पति साहब सिंह आये दिन मेरे घर मनपुरा आकर मेरे साथ गाली गलौज करता है तथा मुझे पुनः डबरा ले जाने हेतु दवाव बना रहा है तथा कहता है कि तू मेरे यहां आकर रहेगी क्योंकि मैने तुझे गुड्डी यादव को पैसा देकर खरीदा था और मेरे साथ नही रहेगी तो तुझे जान से खत्म कर दूंगा तथा मेरे मौसा मौसी जो कि मेरी मदद करते है तो उनको भी फोन पर व घर पर जाकर गाली गलौज करता है उनके बच्चो को उठा ले जाने की बात कहता है तथा कहता है तेरे मौसा मोहन शर्मा निवासी दिनारा को किसी भी केश में फसवाकर जेल भिजवा दूंगा तथा गुड्डी यादव का पति कल्लू यादव भी मौसा को जान से मारने की धमकी देता है। जिसकी शिकायत भी मौसा मोहन शर्मा द्वारा थाना दिनारा पर की तो वहां मेरे ब्यान लिये गये लेकिन पति साहब सिंह सरदार के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की है तथा गुड्डी यादव भी मेरे साथ आये दिन साहब सिंह के साथ जाने का दवाव बना रही है परेशान कर रही तथा कहती है कि साहब सिंह के साथ नही जायेगी तो इसका अंजाम भुगतना पड़ेगा इस प्रकार मुझे काफी परेशानी है और भय भीत है कि पति साहब सिंह व गुड्डी यादव मेरे साथ कभी भी कोई अप्रिय घटना कर सकते है। जिसके लिए आज पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई हैं

# पंचायतों के उप निर्वाचन अंतर्गत कामगारो को मतदान के लिए साप्ताहिक अवकाश घोषित

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** म.प्र. राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतों के उप निर्वाचन वर्ष 2023 (उत्तरार्द्ध) निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार 5 जनवरी को मतदान नियत है। संबंधित पंचायतों के क्षेत्र में आने वाले कारखानों के अधिभोगी गण एवं प्रबन्धकगण निर्वाचन के दिन अपने कामगारों को मतदान के लिए साप्ताहिक अवकाश घोषित करेगे।सहा. श्रम पदाधिकारी आशीष कुमार तिवारी ने बताया कि ऐसे कारखाने जो सातो दिन कार्य करते है वे पूर्ण परम्परा अनुसार प्रथम एवं द्वितीय पाली के श्रमिकों को मतदान हेतु चार-चार घण्टे की सुविधा देंगे तथा ऐसे कारखाने जो निरन्तरित प्रक्रिया की श्रेणी में आते है वे बारी-बारी से पर्याप्त समय प्रदान करते हुये मतदान की अनुमति देगे। दुकान एवं वाणिज्य स्थापना संस्थानों के कामगारो को मतदान के लिये साप्ताहिक बंद दिन के स्थान पर मतदान के दिन साप्ताहिक बंद दिन रखेंगे जहां बन्द दिन निर्धारित नहीं है व कामगारो को बारी-बारी से मतदान करने हेतु पर्याप्त समय प्रदान करते हुए अनुमति देगे।

# अयोध्या से आए अक्षत कलश का बाजे गाजे के साथ तहसील मुख्यालय अमलीपदर में जगह-जगह ग्रामवासियों ने किया भव्य स्वागत

**पुष्पांजलि टुडे न्यूज़ जिला संवाददाता तुसार मिश्रा की खास रिपोर्ट गरियाबंद छत्तीसगढ़**

अमलीपदर में आज अक्षत कलश को लेकर गाजे बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या से अभिमंत्रित अक्षत कलश को सर्व सनातनी समाज के द्वारा आज अमलीपदर लाया गया अक्षत कलश के स्वागत हेतु ग्राम के महिलाओं ने अपने-अपने घर के आगे रंगोली बनाकर दीप प्रज्वल किये साथ ही साथ ग्राम के रामायण मंडली कीर्तन मंडली ने भी अपने-अपने टोली के साथ हरि कीर्तन करते हुए पूरे ग्राम में राममई माहौल बना दिया साथ ही सनातनी समाज द्वारा स्वागत हेतु राम जी की झांकी क्षेत्रीय निशान बाजा और डीजे के साथ आतिशबाजी करते हुए अक्षत कलश को श्री दुर्गा मंदिर अमलीपदर में ले जाकर स्थापित किया गया और सभी ग्राम वासियों द्वारा भव्य महाआरती कर प्रसाद वितरण किया गया स्थापना के पश्चात ग्राम वासियों ने निर्णय लिया कि जब तक अक्षत कलर मंदिर में स्थापित है तब तक प्रतिदिन शाम को महाआरती आयोजन कर भजन कीर्तन किया जाएगा



कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ड्डउप खंड प्रमुख डा.मनीष सिन्हा, हर्ष जैन, आशुतोष सिंह (चिराग ठाकुर) अभियान प्रमुख - श्री प्यारेलाल दुबे , श्री प्रेम राव वाघे अमलीपदर मंडल अभियान प्रमुख - , श्री निर्भय सिंह ठाकुर अश्वनी अवस्थी कृष्णकांत त्रिपाठी आयुष दुबे सह प्रमुख - अशोक मिश्रा, वरूण चक्रधारी, देवशरण साहू, देवीराम पटेल, कृपा राम पटेल , गाड़ा राम बगड़िया,मुकेश साहू,अविनाश भोसले,संजय दुबे, जयंत दुबे,पंडित रिंकेश मिश्रा,पंडित मुकेश पांडे, एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे

**अश्वनी कुमार अवस्थी** -अयोध्या धाम श्री राम लला के जन्म भुमि से आये आमंत्रण कलश आज हमारे गांव आया जिससे हमारा गांव एवं हम सभी धन्य हो गये।

**आशुतोष सिंह ने कहा**-हम और हमारी पीढ़ी बहुत ही भाग्यशाली हैं कि हमारे आराध्य प्रभु श्री राम लाल की मंदिर आज हमारे आंखों के सामने बनकर तैयार है इस पल के लिए हमारे अनेक संतों और सनातनियों ने अपना रक्त बहाया है मैं पूरे राम मंदिर निर्माण समितिको धन्यवाद देना चाहता हूं कि जिस प्रकार उन्होंने मंदिर बनाने हेतु जन जन से सहयोग लिया था आज उसी प्रकार से छोटे से छोटे गांव तक अक्षत कलश भेज कर हर वर्ग को इस पावन पर्व के लिए निमंत्रण दिया जा रहा है

**मनीष सिन्हा कहा** -आज हम अयोध्या राम जन्मभूमि से आए हुए अक्षत कलश का भव्य स्वागत कर रहे हैं इसी तर्ज पर आने वाले 22 जनवरी को अपने गांव में अयोध्या की भांति सजाकर अनेक धार्मिक आयोजनों का आयोजन करेंगे और पूरे गांव का वातावरण राममई करेंगे

# ग्रामीण क्षेत्रों में आयुष्मान कार्ड केवायसी कर आशा के माध्यम से बटवायें- रानी बाटड

### समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में कलेक्टर ने की समीक्षा

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

सतना कलेक्टर रानी बाटड ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों के आयुष्मान कार्ड हितग्राहियों को पीवीसी कार्ड केवायसी कराने के पश्चात आशा के माध्यम से तत्काल वितरण कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिला स्तर की जनसुनवाई में अनुविभाग और ब्लॉक स्तरीय प्रमुख अधिकारियों को भी उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। मैहर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बुधवार को समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा में कलेक्टर श्रीमती बाटड ने कहा कि जनसुनवाई और शिकायती आवेदन पत्रों के निराकरण से संबंधित आवेदक को भी अवगत कराने सूचना दी जानी चाहिए। बैठक में एसडीम सुरेश जादव मैहर, एसडीएम आरती यादव अमरपाटन और एसडीएम डॉ आरती सिंह रामनगर, जिला कार्यक्रम अधिकारी सौरभ सिंह, जिला आबकारी अधिकारी विभा मरकाम, सीएमएचओ डॉ एलके तिवारी, कार्यपालन यंत्री आरईएस अश्वनी जायसवाल, उपसंचालक पशु चिकित्सा डॉ प्रमोद शर्मा, एलडीएम गौतम शर्मा, तहसीलदार जितेंद्र पटेल सहित अनुविभाग स्तर के अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई और सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा में कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने कहा कि समय-सीमा के प्रकरण और जनसुनवाई के आवेदनों का निराकरण समय पर करें। लोक सेवा गारंटी के समय बाह्य प्रकरणों का निराकरण आज ही सुनिश्चित करायें, अन्यथा जुर्माने की कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा की समीक्षा में कलेक्टर श्रीमती बाटड ने कहा कि जिन अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी यात्रा में लगी है, वह अनिवार्य रूप से यात्रा कार्यक्रमों में उपस्थित रहें। सभी गतिविधियां पूर्ण कर पोर्टल में फीडिंग की जानकारी प्रतिदिन 5 बजे तक सीईओ जनपद पंचायत को उपलब्ध करायें। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान वंचित पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाये जायें। इसके साथ ही पूर्व से आयुष्मान कार्डधारियों में ग्रामीण क्षेत्रों के आयुष्मान कार्ड पीवीसी प्राप्त हुए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी इन कार्डो की केवायसी करने के पश्चात आशा के माध्यम से घर-घर बटवायें। उन्होंने पशुपालकों, मत्स्यपालकों, दुग्ध संग्रहाकों तथा किसानों को जारी किए जाने वाले केसीसी कार्ड की समीक्षा भी की और एलडीएम को बैंकों में केसीसी के लंबित प्रकरण निराकृत करने को कहा। कलेक्टर मैहर ने कोर्ट में लंबित विभिन्न विभागों के रिट याचिका और अवमानना के प्रकरणों की समीक्षा में कहा कि सभी विभागों के प्रस्तुतकर्ता अधिकारी समय पर कोर्ट में उपस्थित होकर जवाब-दावा प्रस्तुत करें। शिक्षा और आदिम जाति कल्याण के छात्रावासों एवं मध्यान्ह भोजन तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में वितरित पोषण आहार की गुणवत्ता पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश भी कलेक्टर ने दिए।




# रामप्रसाद बिस्मिल जी का शहादत दिवस मनाया गया

**केशब पंडित जी अम्बाह**



अंबाह... सरफरोशी की तमन्ना हमारे दिल में है देखना है जोर कितना बाजू ए कातिल में है यहीं जय घोष से ,भारत माता की जय घोष के साथ आज पंडित राम प्रसाद बिस्मिल जी का शहादत दिवस मनाया गया जिसमें बिस्मिल संग्रहालय मुरैना से मसाल यात्रा चलकर बिस्मिल जी की पैतृक गांव व जन्म भूमि गांव बरवाई भदौरिया पुरा में पहुंची जिसमें जय घोष के साथ मसाल यात्रा का स्वागत किया गया साथी उनको याद किया गया इस मौके पर प्रशासनिक स्तर पर पोरसा से तहसीलदार जादौन साहब, जनपद पंचायत सीईओ देवेंद्र जैन , पोरसा जनपद अध्यक्ष योगेश तोमर, बरवाई सरपंच रामनरेश शर्मा, पूर्व जनपद सदस्य खेमसिह भदोरिया रामप्रकाश मरैया रामलाल फौजी राजेश शर्मा राजो उपाध्याय सहित अन्य समाज सेवी ,व क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। यात्रा का जगह-जगह स्वागत अभिनंदन किया गया जिसमे अम्बाह से महेश बिकल स्कूल के बच्चो द्वारा सुन्दर देश भक्ति प्रस्तुती की गयी वहीं इसके संबंध में लगभग एक दर्जन गांवो में संबंध पर चर्चा कर लोगों को जागरूक किया गया शहीद पार्क के पास मेले का आयोजन हुआ समाज सेवी सरपंच रामनरेश शर्मा ने मेले में खरीदारी कर सभी दुकानदारों को प्रति बर्ष दुकानो को लग बाने को कहा और सभी क्षैत्र बासियो को जागरूक किया गया था,अमर शहीद पण्डित राम प्रसाद बिस्मिल के शहादत दिवस पर पर आने वाली मशाल यात्रा के प्रचार प्रसार पर व्याख्यान् माला वह परिचर्चा कर लोगों को जागरूक कर आज दिनांक 19 दिसंबर को ग्राम बरवाई पर यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जिसमें लाल सिंह किरार, सुरेंद्र सिंह तोमर, राज... समन्वयक धर्मेंद्र सिसोदिया ज़िला समन्वयक सतीश सिंह तोमर, विकास खंड समन्वयक रामकेश सिंह सिकरवार ,प्रेमदीप कुलश्रेष्ठ, सहित जन अभियान परिषद के व एम एस डब्ल्यू के छात्रों ने पैदल यात्रा में शामिल होकर गौरवशाली इतिहास को जाना।

# ध्वनि विस्तारक यंत्रों तथा लाउडस्पीकर को लेकर एसडीएम ने ली धर्म गुरुओं की बैठक

**संवादाता हरिओम परिहार की खास रिपोर्ट**



पिछोर (शिवपुरी) मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने तेज ध्वनि विस्तारित यंत्रों और लाउडस्पीकर पर रोक लगाने के निर्देश जारी करते ही शिवपुरी जिला कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी के निर्देशन पर पिछोर अनुविभागीय दंडाधिकारी (राजस्व) राजीव समाधिया के मार्गदर्शन में 18 दिसंबर सोमवार को पिछोर क्षेत्र के सभी धर्म गुरुओं की बैठक एसडीएम कार्यालय में ली गई। जिसमें पिछोर टी.आई. शिवसिंह यादव,मायापुर थाना प्रभारी ओ.पी.आर्य, भौंति थाना प्रभारी सहित मस्जिदों के मौलवी तथा मंदिरों के पुजारी आदि मौजूद थे।बैठक के दौरान एसडीएम समाधिया ने सभी धर्म गुरुओं को बुलाकर उन्हें शासन के नियमों के बारे में अवगत कराया तथा शासन के दिशा निर्देशों के बारे में जानकारी दी गई तथा बताया गया कि किसी भी मस्जिद.मंदिर, धार्मिक स्थलों पर ध्वनि विस्तारक यंत्र तथा लाउडस्पीकर नहीं होना चाहिए एवं जहां भी लगे हुए हैं उन्हें दो दिवस के अंदर उतारें ।शासन के निर्देशों का आप सभी पालन करें ।मैने व्यक्तिगत तौर पर सभी समाज के लोगों से बात की है सभी लोग इस निर्णय से खुश है।

# संचालनालय पुरातत्व द्वारा डॉक्युमेंट्री फिल्म प्रतियोगिता में भाग ले और जीतें 2 लाख तक की नगद पुरस्कार

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** संचालनालय पुरातत्ड़व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय मध्ड़यप्रदेश द्वारा प्रदेश की विपुल पुरासम्पदा के प्रचार-प्रसार के उद्देश्ड़य से प्रदेश की सांस्कृतिक एवं पुरातत्वीय विरासत पर डॉक्ड़युमेंट्री फिल्म प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विजेता प्रतिभागियों को उनके द्वारा निर्मित डॉक्ड़युमेंट्री फिल्म पर चयनित कर रुपये 50,000 से लेकर रुपये 2,00,000 तक के नगद पुरस्ड़कार के साथ भाग लेने वाले समस्ड़त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान दिये जायेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए विभागीय वेबसाईट से आवेदन पत्र डाउनलोड कर विभागीय ई-मेल या पेन ड्राइव के माध्ड़यम से संचालनालय पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय, बाणगंगा मार्ग भोपाल को भेजना होगा तथा डॉक्ड़युमेंट्री फिल्म का सायनॅप्ड़सिस (सारंश) जमा करना होगा। सारंश जमा करने की अंतिम तिथि 31 दिसम्ड़बर 2023 है।

**इन्टरप्रिटेशन सेन्टर**-डॉक्ड़युमेंट्री फिल्म प्रतियोगिता में पुरातात्विक स्मारकों, संग्रहालयों के संबंध में 11 इन्टरप्रिटेशन सेन्ड़टर तथा 22 स्ड़मारकों चयन किया गया है जिसपर 2ङ्क5 मिनट की डॉक्ड़युमेंट्री फिल्म का निर्माण करना होगा। इन्टरप्रिटेशन सेन्टर में राज्य संग्रहालय भोपाल, केन्द्रीय संग्रहालय इन्दौर, गूजरी महल संग्रहालय ग्वालियर, महाराजा छत्रसाल संग्रहाल धुबेला, त्रिवेणी संग्रहालय उज्जैन, रानी दुर्गावती संग्रहालय जबलपुर, जिला पुरातत्व संग्रहालय दमयंती महल, दमोह, जिला पुरातत्व संग्रहालय पन्ना, जिला पुरातत्व संग्रहालय सागर, नरवर दुर्ग जिला शिवपुरी, घुबेला जिला छतरपुर के स्मारक शामिल है।

**स्मारक**-डॉक्ड़युमेंट्री फिल्म प्रतियोगिता में 22 पुरातात्विक स्मारकों का चयन किया गया है जिसपर 2ङ्क5 मिनट की डॉक्ड़युमेंट्री फिल्म का निर्माण करना होगा। उक्त स्मारकों में कृष्णपुरा की छत्रियां इन्दौर, बोलिया सरकार की छत्री इन्दौर, पवार वंश की छत्रियां धार, छत्रसाल महल माण्डव धार, मल्हार राव होलकर की छत्री आलमपुर भिण्ड, किला भिण्ड, गोहद दुर्ग बेहट दुर्ग, रासलीला घर बरई, चाचोड़ा दुर्ग, बजरंगगढ़ दुर्ग, सबलगढ़ दुर्ग जिला मुरैना, विजयपुर दुर्ग जिला श्योपुर, सूर्य मंदिर मढ़खेरा, जिला टीकमगढ़, सूर्य मंदिर उमरी जिला टीकमगढ़, विरूपाक्ष मंदिर विलपांक जिला रतलाम, शिव मंदिर जामली जिला धार, यशवंत राव की छत्री भानपुरा जिल मन्दसौर, राणो जी शिन्दे की छत्री शुजालपुर जिला शाजापुर, आशापुरी के स्मारक जिला रायसेन, देवबड़ला के स्मारक जिला सीहोर, तेली की सराय हण्डिया जिला हरदा शामिल है।

# स्ट्रेचर न मिलने पर हाथों पर ढोने पड़ रहे मरीज, मिल जाए तो खींचने को नहीं मिलता वार्ड ब्वाय

एक हजार बिस्तर अस्पताल में मरीज स्ट्रेचर के लिए परेशान ग्वालियर। एक हजार बिस्तर अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को स्ट्रेचर नहीं मिल पा रही हैं। ऐसे में मरीज को हाथों पर ढोकर ओपीडी व जांच के लिए ले जाना पड़ा है। अगर स्ट्रेचर मिल जाए तो परिजनों की स्ट्रेचर ढोना मजबूरी हो गई है।यहां ढेरों वर्ा ब्वाय हैं लेकिन स्ट्रेचर चलाने के लिए कोई भी मौजूद नहीं रहता है। ऐसे हालात में जांच और इलाज प्रभावित होने के भय से मरीज के परिजन ही अपने मरीज को स्ट्रेचर पर लेकर जाते हैं। इतना ही नहीं वार्ड ब?वाय के साथ स्ट्रेचर नहीं मिलने पर मरीज को कंधे और हाथों पर उठाकर परिजन इलाज के लिए इधर-उधर भटकना भी परिजनों की मजबूरी बना हुआ है।अस्पताल में मरीज को कंधे और हाथों में उठाकर ले जाने के कई मामले सामने आ चुके हैं। मंगलवार को भी एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें एक पिता अपने बेटे को स्ट्रेचर न मिलने पर लिफ्ट तक उठाकर ले गया। बच्चे को सीने में दर्द की शिकायत थी। वायरल वीडियो में पिता कहते नजर आ रहे हैं कि उन्होंने गेट पर स्ट्रेचर मांगा था, लेकिन नहीं मिला। स्ट्रेचर नहीं मिलने पर बच्चे को गोद में उठाकर लिफ्ट तक लाया। यहां अस्पताल आए मरीजों के परिजनों ने उनकी मदद की।



**दावा 90 स्ट्रेचर उपलब्ध रहने का**-हजार बिस्तर अस्पताल में 90 स्ट्रेचर होने का दावा किया जाता है। गेट पर 15 स्ट्रेचर की उपलब्धता है। लेकिन मरीजों को अस्पताल पहुंचने पर स्ट्रेचर नहीं मिलती। स्ट्रेचर मिल जाए तो उसे खींचने के लिए वार्ड ब्याय नहीं मिलेगा। ऐसे में मरीज के परिजन रिश्तेदारों को ही स्ट्रेचर खींचना पड़ती है। मरीजों के परिजनों से बातचीत में यह सामने आया है कि हमें यहां स्ट्रेचर या व्हीलचेयर मिल गई, लेकिन उसके चलाने के लिए कोई तैयार नहीं हुआ।

# मध्य प्रदेश में सबसे ठंडा रहा दतिया, उत्तरी हवाओं ने बढ़ाई ग्वालियर में ठंड

ग्वालियर। प्रदेश में सबसे ठंडा अंचल दतिया रहा, जहां पर न्यूनतम तापमान घटकर 6 डिग्री पर जा पहुंचा। उत्तरी हवाओं का असर दतिया से लेकर ग्वालियर तक में देखा गया। हवाओं के साथ आई ठंड ने लोगों को कड़ाके की सर्दी का अहसास इस मौसम में पहली बार कराया।मौसम वैज्ञानिक हुकुम सिंह का कहना है कि मंगलवार को आसमान में बादल आने से अब तापमान और नीचे नहीं जाएगा। लेकिन दो दिन बाद बादलों के छंटते ही तापमान फिर से गिरने लगेगा।मंगलवार की सुबह आसमान में कोहरा रहा। जिसके कारण दृश्यता 2.4 किमी की रही। आसमान में छाई धुंध और ठंडी हवाओं ने कड़ाके की ठंड का अहसास दिलाया। सुबह दस बजे तक आसमान में धुंध रही। जैसे-जैसे दिन चढ़ने लगा तो धूप ने असर दिखाया और कोहरा छट गया। शाम होते-होते बादलों ने अपना डेरा जमाना शुरू कर दिया। ग्वालियर का अधिकतम तापमान पहली बार 22.8 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया और न्यूनतम तापमान 7.2 डिग्री सेल्सियस पर आया। हवा में आद्रता 92 फीसद रही, जबकि



बारिश अब तक 17.8 एमएम दर्ज हो चुकी है।मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि आसमान में बादल आने से तापमान अब इससे अधिक नीचे अभी नहीं जाएगा। लेकिन दो दिन बाद बंगाल की खाड़ी बन रहा हवाओं का चक्रवात अपना असर दिखाएगा। जिससे आसमान में जमा बादल छट जाएंगे इससे दिन व रात के तापमान पर प्रभाव पड़ेगा और तापमान एक से दो डिग्री नीचे चला जाएगा। जिससे दिन व रात में ठंड और भी अधिक बढ़ेगी। उत्तरी हवाएं अब अपना जोर दिखाने लगी है, जैसे-जैसे इनकी गति तेज होगी सर्दी बढ़ेगी। क्रिसमस पर शीतलहर परेशान कर सकती है।उत्तरी हवाओं का प्रकोप से लोग बीमार पड़ने लगे हैं। सर्द हवाओं की चपेट में आने से सबसे अधिक नुकसान बच्चों और बुजुर्गो को रहा है। जेएएच के एमडी मेडिसिन डा. अर्चना गुप्ता का कहना है कि मंगलवार को ओपीडी में सर्दी, खांसी, जुकाम और बुखार के मरीज बढ़े हैं। इसी तरह से कान में दर्द की शिकायत लेकर भी काफी सारे मरीज आए जिन्हें ईएनटी विशेषज्ञ के पास भेजा गया।असल में अचानक से ठंड बढ़ने के कारण यह शिकायत हुई है। इस मौसम में गर्म कपड़े पहनने के साथ सिर पर गर्म टोपा या मफलर बांधना जरूरी है। क्योंकि सिर व कान में ठंड लगने से ही सर्दी लगती है और बीमार हो जाते हैं। इसी तरह से बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डा. रवि अंबे का कहना है कि छोटे बच्चे सर्द हवा की चपेट में आने से सर्दी, जुकाम के शिकार तेजी से बन रहे हैं। समय पर ध्यान न देने पर वह निमोनिया के शिकार बन जाते है इसलिए जरूरी है कि इस मौसम में उनकी सुरक्षा की जाए और घर से बाहर सर्द हवा में लेकर न जाएं।

# ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे के पास बनेगा लाजिस्टिक पार्क, उद्योगों को मिलेगा बढ़ावा

ग्वालियर। लगभग 2500 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाला ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे के नजदीक के ही लाजिस्टिक पार्क भी तैयार किया जाएगा। इसके लिए भी नेशनल हाइवे अथारिटी आफ इंडिया के अधिकारियों ने संभावनाएं देखना शुरू कर दी हैं।ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे के किनारे लाजिस्टिक पार्क बनने से अंचल में रोजगार के नए अवसर खुलेंगे। इससे उद्योगों को भी बढ़ावा मिलेगा, क्योंकि लाजिस्टिक पार्क में कंपनियों के कार्यालय भी खुलेंगे। दिल्ली के नजदीक होने के कारण ग्वालियर लाजिस्टिक पार्क को अधिक फायदा होगा, क्योंकि यहां से सीधे एक्सप्रेस वे की कनेक्टिविटी मिलेगी।वर्तमान में सामान की ढुलाई के लिए दिल्ली-मुंबई के बीच डेडिकेटेड फ्रेट कारिडोर भी तैयार हो रहा है, जिसके लिए रेल और सड़क दोनों परिवहन माध्यमों को बढ़ावा दिया जा रहा है। वर्तमान में शनिचरा के नजदीक मालनपुर में इनलैंड कंटेनर डिपो भी मौजूद है, इससे भी ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे की कनेक्टिविटी बनेगी।पिछले वर्ष सितंबर माह में एलिवेटेड रोड का भूमिपूजन करने आए केंद्रीय सड़क परिवहन



राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे के साथ ही लाजिस्टिक पार्क निर्माण की घोषणा की थी। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा था कि दिल्ली से मुंबई तक के सफर में ग्वालियर एक महत्वपूर्ण गेटवे है। इसलिए यहां लाजिस्टिक पार्क स्थापित कर रोजगार के नए अवसर और उद्योग भी पैदा किए जाएंगे।लाजिस्टिक पार्क कच्चे माल और खाद्य वस्तुओं को स्टोर करने का एक एडवांस सिस्टम है। इन पार्कों में कोल्ड स्टोरेज और दूसरी सुविधाएं होती हैं, जिसकी मदद से देशभर से लाए माल को इसमें स्टोर किया जा सकता है। यहां माल को सुरक्षित रखने की पूरी व्यवस्था की जाती है, जिससे वह खराब नहीं होता है। आवश्यकता पड़ने या समय आने पर जरूरत के मुताबिक स्थानीय स्तर पर इस माल को सप्लाई कर दिया जाता है। इससे सामान लाने और ले जाने में होने वाले खर्चे में बचत होती है। इसका लाभ यह होता है कि वस्तु की कीमत भी कम हो जाती है।शहर की वर्ष 2042 की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए ग्वालियर के मोबिलिटी प्लान को तैयार करने वाली अर्बन मास ट्रांजिट कंपनी (यूएमटीसी) ने भी शहर में लाजिस्टिक पार्क बनाने की सिफारिश की है। अर्बन मास ट्रांजिट कंपनी ने शहर का सर्वे कर चार कोनों पर चार पार्क तैयार करने की रिपोर्ट बनाई थी। इसमें भिंड रोड पर गिरगांव, मुरैना रोड पर रायरू, शिवपुरी लिंक रोड पर चौधरी का ढाबा के पास और झांसी रोड की तरफ सिकरौदा पर लाजिस्टिक पार्क तैयार करने का प्रस्ताव बनाया गया है। इस प्रस्ताव के मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कार्पोरेशन के पास भी भेजा गया है।

# CRPF जवान ने पुलिस अफसरों से लगाई गुहार, कहा- मुझे गुंडों से बचाव

ग्वालियर। छात्र की हत्या के आरोपित कपिल यादव और उसके भाई अरविंद यादव को पुलिस अब तक नहीं तलाश सकी। हालांकि हत्या के मामले में एक आरोपित निशू यादव ने खुद को पुलिस के सामने हाजिर कर दिया है। जबकि कपिल यादव और अरविंद फरार चल रहे हैं। यह दोनों भाई बड़ागांव के निवासियों के लिए सिरदर्द बने हुए हैं। इनकी प्रताड़ना से तंग होकर व्यापारी और सीआरपीएफ के जवान मंगलवार को पुलिस अफसरों से मिलने पहुंचे। जहां पर उन्होंने गुंडो से मुक्ति दिलाने की गुहार लगाई।सीमा सुरक्षाबल का जवान मुकेश माहौर निवासी बडागांव की ड्यूटी छत्तीसगढ़ में नक्सलवादी क्षेत्र में लगी हुई है। अभी वह अवकाश पर आया हुआ है। मुकेश का कहना है कि बड़ागांव गोलंबर पर उसने एक प्लाट 2020 में खरीदा था जिसका नामांतरण भी करा चुका है। जब वह इस प्लाट पर निर्माण करने के लिए पहुंचा तो कपिल और अरविंद यादव ने उसका काम बंद करा दिया और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी है।जवान का कहना है कि गुंडे प्लाट पर काम नहीं करने दे रहे इसकी शिकायत मुरार थाना में भी की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इन अपराधियों से परिवार को जानमाल का खतरा है। इसलिए वह अपने परिवार को रायपुर में किराए के मकान में रखे हुए है और वह नक्सल प्रभावित क्षेत्र में ड्यूटी देने के लिए जाता है। यदि इन गुंडों पर सख्त कार्रवाई हो तो वह अपना घर बना सके और उसमें उसका परिवार रह सके

# तानसेन संगीत समारोह: कार्यक्रम स्थलों के आसपास ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग प्रतिबंधित

**ग्वालियर 7 तानसेन संगीत समारोह-2023 को ध्यान में रखकर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अक्षय कुमार सिंह ने 22 से 28 दिसम्बर तक इंटक मैदान हजीरा, तानसेन समाधि स्थल ग्वालियर, तानसेन जन्मस्थली बेहट, किला स्थित गूजरी महल एवं कर्ण महल के आस-पास के परिसर सहित इन सभी परिसरों के तीन किलोमीटर परिक्षेत्र में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग प्रतिबंधित करने का आदेश जारी किया है। जिला दण्डाधिकारी अक्षय कुमार सिंह ने अपने आदेश में यह भी स्पष्ट किया है कि तानसेन समारोह की अवधि में कार्यक्रम स्थल एवं उसके आस-पास की 100 मीटर की परिधि में किसी भी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र धारण करने एवं प्रदर्शन व उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा-2(ख) में वर्णित शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह आदेश जारी किया गया है।**



# निर्माणाधीन एयरपोर्ट पर हादसा, पैर फिसलने के कारण मजदूर नीचे गिरा



ग्वालियर7 एयरपोर्ट के नवीन भवनों की तैयारी तेजी से चल रही है। ग्वालियर में जल्दी ही भव्य एयरपोर्ट तैयार किया जाना है। एयरपोर्ट का सारा काम सीपीसी कंपनी द्वारा किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि मंगलवार की सुबह एयरपोर्ट पर मजदूर काम करने के लिए पहुंचे थे। वहीं एक मजदूर फॉल सीलिंग का काम करने के लिए ऊपर चढ़ा था, जहां से वह गिरकर गंभीर घायल हो गया। गंभीर हालत में ही घायल को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज किया जा रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया।टीआई हितेंद्र राठौड़ ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि एयरपोर्ट पर कोई मजदूर गिरकर घायल हो गया है। जब हम मौके पर पहुंचे तो पता चला कि एक व्यक्ति फॉल सीलिंग पर असावधानी से पैर रखने के चलते गिरकर घायल हो गया है। जिसे अस्पताल में भर्ती कर दिया गया है। फिलहाल हम अभी घायल के पास जा रहे हैं। क्योंकि उसके पास पहुंचना ही हमारी प्राथमिकता है, वहीं सेफ्टी फीचर्स को लेकर उन्होंने कहा कि इस संबंध में अभी हमें कोई जानकारी नहीं है। घटना के संबंध में जब अन्य मजदूरों से बातचीत की गई तो वहां मौजूद मजदूर राजू ने बताया कि घायल मजदूर का नाम होकम है। मजदूर एयरपोर्ट पर चल रहे निर्माण कार्य में 50 फुट की हाइट पर काम कर रहा था। जहां सुरक्षा के कोई भी इंतजाम नहीं थे। सुबह जब हम लोग ड्यूटी पर गए तो किसी भी प्रकार की ट्रेनिंग या जानकारी उपलब्ध कराने से पहले ही मजदूर को सीधे ऊपर चढ़ा दिया गया है। जिससे यह हादसा हुआ।

# पहले टोकिए फिर रोकिए कलेक्टर

**ग्वालियर >** ध्वनि प्रदूषण दूसरों के लिये ही हानिकारक नहीं है। यह खुद को और अपने परिजनों को भी बुरी तरह प्रभावित करता है। इसलिए अपने घर, परिवार व कार्यालय से ध्वसनि प्रदूषण पर नियंत्रण की पहल करें। इसके बाद दूसरों को पहले टोकिए फिर रोकिए । यह बात कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने डीजे व लाउड स्पीकर इत्यादि ध्वनि विस्तारक यंत्रों का निर्धारित मानकों के अनुसार उपयोग करने और खुले में माँस-मछली की बिक्री पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा जारी किए गए निर्देशों के पालन को लेकर बुलाई गई बैठक में कही। उन्होंने कहा यह सब हम सबके जीवन से जुड़ा मसला है। यदि हम इसको लेकर सजग नहीं हुए तो सभी पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। बैठक में खासतौर पर धर्मगुरू, रोटरी, जीवाजी क्लब, विभिन्न व्यापारिक संगठन, मैरिज गार्ड एसोसिएशन, होटल व्यवसायी, डीजे व साउण्ड सिस्टम कारोबारी, होटल व्यवसायी, ऑटो- टैक्सी यूनियन इत्यादि संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। मंगलवार को यहाँ जिला पंचायत के सभागार में आयोजित हुई इस बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश चंदेल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक कुमार, स्मार्ट सिटी की सीईओ श्रीमती नीतू माथुर व अपर कलेक्टर टी एन सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी मौजूद थे। बैठक में विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने भरोसा दिलाया कि वे ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण में पूरा सहयोग करेंगे।



# कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने ग्वालियर व्यापार मेला की तैयारियों का किया निरीक्षण

**ग्वालियर >** ग्वालियर व्यापार मेला 25 दिसम्बर से प्रारंभ होगा। इसके साथ ही ग्वालियर दुर्ग पर 26 दिसम्बर को 1500 तबला वादक अपनी प्रस्तुति देंगे। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश चंदेल ने विभागीय अधिकारियों के साथ मंगलवार को मेला परिसर और ग्वालियर दुर्ग पर पहुँचकर आयोजन की व्यवस्थाओं के संबंध में निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने मेला प्राधिकरण के अधिकारियों और मेला सचिव को निर्देशित किया है कि मेले में साफ-सफाई के साथ ही मेले की सभी व्यवस्थायें समय से हों, यह सुनिश्चित किया जाए। मेले में आने वाले सैलानियों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होना चाहिए। इसके साथ ही देश भर से आने वाले व्यापारियों को भी ग्वालियर व्यापार मेले में बेहतर सुविधायें उपलब्ध हों



यह सुनिश्चित किया जाए। मेले में यातायात, सुरक्षा और पार्किंग के प्रबंधन भी अच्छे से किए जाएँ। अग्नि सुरक्षा के लिये सभी व्यवस्थायें चाक-चौबंद हों। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने 26 दिसम्बर को ग्वालियर दुर्ग पर 1500 तबला वादकों द्वारा दी जाने वाली प्रस्तुति की व्यवस्थाओं को भी देखा। उन्होंने कहा कि तानसेन समारोह के अंतर्गत भी इस वर्ष ग्वालियर में यह भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में आने वाले कलाकारों को अपनी प्रस्तुति देने के लिये बेहतर माहौल मिले यह सुनिश्चित किया जाए। कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई की व्यवस्थायें भी समय रहते पूर्ण करने के निर्देश नगर निगम अधिकारियों को दिए गए। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने बाहर से आने वाले तबला वादकों को ठहराने के लिये ग्वालियर दुर्ग स्थित गुरूद्वारे में की गई व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान एडीएम श्रीमती अंजू अरूण कुमार एवं सीईओ जिला पंचायत विवेक कुमार सहित राजस्व, पुलिस, नगर निगम के अधिकारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# बेटा पैदा नहीं हुआ तो पति ने गला दबाकर पत्नी की कर दी हत्या

**ग्वालियर>** सिरोल इलाके में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत मिली महिला के मामले में पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने उसके पति के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, 13 दिसंबर को सिरोल थाना क्षेत्र के गणेश डेयरी के पीछे हुरावली में रहने वाली सृष्टि पाल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। सृष्टि की दो बेटियां हैं। मायके पक्ष का कहना था कि सृष्टि की हत्या की गई है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में भी उसका गला दबाए जाने की पुष्टि हुई थी।इसी के बाद पुलिस ने मृतका की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट एवं मायके पक्ष के बयान के आधार पर पति दशरथ



दशरथ पाल, आरोपी

पाल के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। दशरथ पाल अपनी पत्नी सृष्टि से इस बात से खफा रहता था कि उसे लड़का नहीं हो रहा है। शादी के बाद उसको दो लड़कियां पैदा हुई थीं। इसी को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद होता रहता था। वह अक्सर इस बात को लेकर ताने देता था कि वह लड़का पैदा नहीं कर सकती। वह पत्नी से मारपीट भी करता था। मामले के अनुसार, पति दशरथ पाल मुरार थाना क्षेत्र के एमएच चौराहे के पास सुतारपुरा इलाके में रहता है। वह घटना के दिन अपनी ससुराल हुरावली आया था। जहां पति-पत्नी में विवाद हुआ था। इसके बाद आरोपी दशरथ पत्नी का गला दबाकर भाग गया था। पुलिस ने अब दशरथ के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्जकर उसकी तलाश शुरू कर दी है। फिलहाल, आरोपी फरार बताया गया है। इस मामले में एडिशनल एसपी निरंजन शर्मा का कहना है कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478